# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


फेक्ट फाइल

- 4-2 से ब्रिटेन को शूटआउट में हराया
- 11 पेनल्टी कॉर्नर श्रीजेश ने रोकी
- 10 खिलाड़ियों के साथ खेला मैच
- 1-1 था निर्धारित समय का स्कोर

# 'संकटमोचक' बने श्रीजेश, भारत सेमीफाइनल में, हॉकी में 'गोल्डन चांस'!



**एजेंसी/पेरिस।** अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे पीआर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए। 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया। निर्धारित समय में भारत के लिए हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। शूटआउट में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया।

शूटआउट में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे

**पेरिस ओलंपिक : हरमनप्रीत ने 22वें मिनट में दागा गोल**



### श्रीजेश टोक्यो के भी हीरो

भारतीय गोलकीपर श्रीजेश जीत के हीरो रहे, जिन्होंने शूटआउट में 2 गोल बचाए। इस पूरे मैच में उन्होंने 11 पेनल्टी कॉर्नर सेव किए हैं। टोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश टोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए शेष पेज 4 पर

### रोहिदास को रेड कार्ड

भारतीय टीम की यह जीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि टीम सिर्फ 10 खिलाड़ियों से खेल रही थी। 60 मिनट के खेल में 48 मिनट भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास मैच से बाहर रहे। उन्हें रेफरी ने 12वें मिनट में रेड कार्ड दिया था।



### बैडमिंटन और मुक्केबाजी में मिली हार

पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन बैडमिंटन में लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हार गए और लवलीना बोरगोहेन की हार के साथ मुक्केबाजी में भारत का अभियान खत्म हो गया। अब तक शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन बैडमिंटन सेमीफाइनल हार गए और अब कांस्य के लिए खेलेंगे। वहीं टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन अंतिम चार में नहीं पहुंच सकीं।






**छत्तीसगढ़ समेत देशभर में मानसून का कहर**

# बेबसी की मौत

पेंड्रा में कच्चा मकान गिरा और दब गए पति-पत्नी

परिवार तबाह, घायल बच्चे को निकाला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

देशभर में मानसून का कहर थमा नहीं है। हिमाचल से लेकर केदारनाथ तक बादल फटने, जल सैलाब और लैंड स्लाइडिंग से तबाही का मंजर है। इधर, छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में लगातार बारिश ने कहर बरपा रखा है। पेंड्रा में शनिवार रात इसी बारिश ने सोते हुए दंपति की जान ले ली। मकान कच्चा था, बारिश में वह मलबे में तब्दील हो गया। बलरामपुर इलाके में भी एक पुलिया बहने से आवाजाही प्रभावित बताई जा रही है। पेंड्रा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। इसी दौरान रामगढ़ निवासी शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ में दो दिन असर कम, फिर बरसेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जुलाई में कोटा फुल करने के बाद अगस्त के महीने में भी राज्य में भरपूर बारिश होने की संभावना बनी हुई है। अगले दो दिन असर कम रहने के बाद पुनः मानसून की सक्रियता बढ़ेगी। पिछले चौबीस घंटे से अधिकांश इलाकों में भारी बारिश नहीं हुई है। शहर में रविवार दोपहर रिमझिम फुहारें पड़ीं और दोपहर बाद शेष पेज 4 पर

### ऐसा है अनुमान

- 8 अगस्त तक राज्य के दक्षिणी हिस्से में बारिश का अधिक प्रभाव
- 8 से 15 अगस्त तक छग के उत्तरी हिस्से में मानसून की सक्रियता
- 15 से 22 अगस्त उत्तर के साथ मध्य इलाके में भी अच्छी बारिश का अनुमान

### झारखंड को जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त आवागमन बाधित

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड में भारी बारिश के कारण पीएमजीएसवाई सड़क पर चार वर्ष पूर्व बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया टूटने के बाद प्रशासन के निर्देश पर आवागमन को बंद करा दिया गया है। पुलिया टूटने के बाद क्षेत्र का झारखंड से सम्पर्क टूट गया है। बता दें कि मानसून की सक्रियता से बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड शेष पेज 4 पर

### बह गई बरन नदी की पुलिया, यूपी से टूटा संपर्क



**वाड्रफनगर।** जिले में लगातार हुई मूसलाधार बारिश के कारण बरन नदी पर उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली पुलिया बह गई। पुलिया बहने से रघुनाथनगर से चरचरी के बीच का सम्पर्क टूट गया है। पुलिया बहाने के बाद यूपी जाने के लिए लोगों को लम्बी दूरी तय करनी शेष पेज 4 पर

### मप्र में दीवार ढही, नौ बच्चे की मौत

जम्मू और कश्मीर के गांदरबल इलाके में बादल फटने की वजह से जबरदस्त तबाही हुई है। बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण घरों सहित कई इमारतों को नुकसान हुआ है। घरों में मलबा घुस गया है। इसके कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस आया है और मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई वाहन मलबे में फंस गए हैं। इस बीच प्रशासन ने बादल फटने के बाद इस रूट में यात्रा करने वालों के लिए निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे श्रीनगर-कारगिल मार्ग के खुलने तक वहां से यात्रा करने से बचें।

### जम्मू में बादल फटा श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

जम्मू और कश्मीर के गांदरबल इलाके में बादल फटने की वजह से जबरदस्त तबाही हुई है। बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण घरों सहित कई इमारतों को नुकसान हुआ है। घरों में मलबा घुस गया है। इसके कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस आया है और मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

**सीबीआई का एक्शन**

## नीट पेपर लीक के एक और साल्वर को रिमांड पर भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई ने एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने उसे पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया है। अब तक कुल नौ मेडिकल के छात्र जिन्होंने सॉल्वर का काम किया था, गिरफ़्तार हो चुके हैं। इसमें पटना एम्स के चार छात्र हैं। राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित मेडिकल कॉलेज में एमबीबीसी की पढ़ाई कर रहे संदीप को सीबीआई ने पूछताछ के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया और उन्हें पटना स्थित सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सीबीआई को संदीप की पांच दिनों की रिमांड दी है। संदीप के पूर्व सीबीआई ने राजस्थान से कुमार मंगलम विश्नोई और दीपेंद्र शर्मा को गिरफ़्तार किया था।

### अलग अलग राज्यों के मेडिकल छात्र

इस पूरे मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया और रॉकी ने प्रश्न पत्र हल करवाने के लिए पटना एम्स, रांची रिम्स, मुंबई, भरतपुर और भीलवाड़ा के मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स को हजारीबाग बुलाया था। सीबीआई की रडार पर अभी भी कई और मेडिकल स्टूडेंट हैं। सीबीआई ने इससे पहले दो और स्टूडेंट अमित और अमन को गिरफ्तार किया था।

### संदीप ने भी किया नीट पेपर सॉल्व

बताया जा रहा है कि संदीप ने भी अन्य मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ हजारीबाग में 5 मई की परीक्षा से पहले नीट का प्रश्न पत्र सॉल्व किया था। इसी सॉल्व पेपर को संजीव मुखिया और रॉकी ने बिहार-झारखंड में अपने साथियों को भेजकर कैंडिडेटस को रटाया था।

## खबर संक्षेप

### शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया छड़ी मुबारक



**श्रीनगर।** स्वामी अमरनाथजी की पवित्र छड़ी मुबारक को 'हरियाली अमावस्या' के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में सदियों पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना के लिए श्रीनगर में गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज सुनवाई




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आप के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिनमें उन्होंने जमानत का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने 29 जुलाई को पीठ से कहा था कि सीबीआई ने याचिका पर जवाब दाखिल कर दिया है।

### कार-ट्रक की भिड़ंत, भाई बहन समेत चार की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के सूरवाल थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसमें सवार भाई-बहन सहित चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर त्रिलोकपुरा गांव के पास हुए इस भीषण हादसे में कार में सवार राजन, उसकी बहन मोनिका, रेखा और धापू देवी की मौत हो गई।

### बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मार आत्महत्या की



**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के बाखासर थाना क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवान ने ड्यूटी के दौरान कथित तौर पर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। बीएसएफ के जवान ने रविवार सुबह वॉच टावर पर ड्यूटी के दौरान सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली।

**तीन एसी कोच खाक**

## धू-धू कर जलने लगी कोरबा विशाखापटनम एक्सप्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

विशाखापटनम रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह 18517 कोरबा-विशाखापटनम एक्सप्रेस में आग लग गई। इससे ट्रेन का एक खाली कोच क्षतिग्रस्त हो गया और तीन कोच जलकर राख हो गए। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

ट्रेन 4 अगस्त को सुबह 6.30 बजे स्टेशन पर पहुंची और कोचों को प्लेटफार्म नंबर 1 पर रखा गया। सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब 10 बजे बी-7 कोच में आग लग गई और इसे किसी ने देखा, जिसने रेलवे कर्मियों को सूचित किया। आग भड़कने के कारण बी-7 कोच से घना धुआं निकलने लगा। बताया जा रहा है कि आग बी-6 और एम-1 कोच तक फैल गई। प्रभावित डिब्बों को ट्रेन से अलग कर दिया गया और दूर ले जाया गया। अग्निशमन सेवा कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। रेलवे अधिकारी, सरकारी रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और थर्ड एसी (बी-7) कोच की खिड़कियां तोड़ दीं। फायर टेंडर और सिटी पुलिस के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी स्टेशन पर पहुंचे। आग लगने का कारण अभी पता नहीं लग सका है।

### आखिरी हिस्से में लगी आग

डिवीजनल रेलवे मैनेजर सौरभ प्रसाद ने बताया कि आग कोच के आखिरी हिस्से में लगी। ट्रेन सुबह 6.30 बजे पहुंची। कोच रखरखाव डिपो में ले जाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर खड़ी की गई। स्टेशन पर गश्त ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के एक जवान ने बी-7 कोच से धुआं निकलते देखा और फायर ब्रिगेड और स्टेशन स्टाफ को सतर्क कर दिया।

### चश्मदीद ने कहा- काफी डर गए थे...

चश्दमीदों ने कहा, ट्रेन की बोगियों में लगी आग के बाद वो काफी डर गए। आग की लपटें और धुएं का गुबार हैरान करने वाला था। थोड़ी ही देर में आग काफी भीषण हो गई। प्लेटफॉर्म पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

**दोस्तों के साथ आया था कबीरधाम**

## रानीदहरा जल प्रपात घूमने आए डिप्टी सीएम का भांजा लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बेमेतरा के ग्राम सिंघौरी से रविवार को कबीरधाम जिले के रानीदहरा जल प्रपात घूमने आए युवकों में से एक युवक लापता बताया जा रहा है। लापता युवक प्रदेश के डिप्टी सीएम डिप्टी सीएम अरूण साव के भांजे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद कवर्धा पुलिस युवक की तलाश कर शेष पेज 4 पर

### अभी तक नहीं चल सका पता

बताया जाता है कि तुषार शाम करीब 4 बजे जल प्रपात के गहरे पानी में चले गए और लापता हो गए। उनके दोस्तों द्वारा काफी समय तक उसकी खोजबीन की गई, लेकिन जब उनका कोई पता नहीं चला तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति में रंगा सीएम हाउस गेड़ी चढ़े, भौंरा खेला, मनाया हरेली तिहार

*मुख्यमंत्री ने हल और गाय की पूजा कर अच्छी फसल और प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरेली का त्योहार छत्तीसगढ़ की पुरातन लोक-संस्कृति से जुड़ा है। इस पर्व को पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री आवास पर भी हरेली तिहार के मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यहां पहलवानों ने अपना हुनर दिखाया। रइचुली, कृषि औजारों की पूजा के साथ हाउस में कई कार्यक्रम हुए। शेष पेज 4 पर

### गाय को लोंदी और चारा खिलाया

*पशुधन संरक्षण का संदेश देने के साथ साथ मुख्यमंत्री ने गाय और बछड़े को लोंदी तथा चारा खिलाया। मुख्यमंत्री ने किसानों को कृषि यंत्रों की सौगात भी दी। साथ ही योजना के तहत 23 किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी।*

**अगले हफ्ते संसद में पेश हो सकता है संशोधन बिल**

# 'वक्फ' एक्ट में बदलाव की तैयारी, घटेगा 'बोर्ड' का पॉवर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड के 'असीमित' अधिकारों पर जल्द लगाम लगा सकती है। सरकार बोर्ड के उस अधिकार को कम करना चाहती है जिसके तहत वो किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' घोषित करके उस पर नियंत्रण कर सकता है। शुक्रवार शाम को कैबिनेट ने वक्फ अधिनियम (2013 से पहले वक्फ अधिनियम के रूप में जाना जाता है) में 40 से अधिक संशोधनों पर चर्चा की। इनमें वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की जांच करने वाले संशोधन भी शामिल हैं, जिन्हें कई लोग मनमाना मानते हैं। हालांकि शुक्रवार शाम को कैबिनेट के फैसलों पर एक आधिकारिक ब्रीफिंग में शेष पेज 4 पर

### वक्फ बोर्ड के दावों का होगा वेरिफिकेशन

फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देश भर में लाखों करोड़ रुपए की संपत्ति है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत, वक्फ बोर्ड के दावों का अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन किया जाएगा। ऐसा ही एक अनिवार्य वेरिफिकेशन उन संपत्तियों के लिए भी प्रस्तावित किया गया है, जिनके लिए वक्फ बोर्ड और व्यक्तिगत मालिकों ने दावे और जवाबी दावे किए हैं।




### क्यों पड़ी ऐसे कानून की जरूरत?

सूत्रों ने कहा कि इस तरह के कानून की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि मुस्लिम बुद्धिजीवियों, महिलाओं और शिया और बोहरा जैसे विभिन्न संप्रदायों के लोगों ने मौजूदा कानून में बदलाव की मांग करते हुए कई अभ्यावेदन दिए थे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संशोधन लाने की तैयारी 2024 के लोकसभा चुनाव से बहुत पहले शुरू हो गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि ओमान, सऊदी अरब और अन्य इन जैसे इस्लामी राष्ट्रों के कानूनों के प्रारंभिक अवलोकन से पता चलता है कि इनमें से किसी भी देश ने एक संस्था को इतनी व्यापक शक्तियां नहीं दी हैं।

### दुनिया में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति भारत में

भारत में वक्फ संपत्ति दुनिया में सबसे बड़ी है और इससे 200 करोड़ रुपए का राजस्व भी नहीं मिल रहा है। यहां तक कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार या अदालतें भी इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं। वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वालों के अलावा अन्य लोग इस अधिनियम के खिलाफ हैं। सच्चर कमेटी ने भी कहा है कि वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता होनी चाहिए। वक्फ संपत्ति का इस्तेमाल केवल मुसलमान ही कर सकते हैं।

### नए बिल में क्या

- केवल मुसलमान ही वक्फ संपत्ति बना सकते हैं
- महिला सदस्य राज्यों में वक्फ बोर्ड का हिस्सा होंगी
- जिन जगहों पर वक्फ बोर्ड नहीं है, वहां ट्रिब्यूनल में जा सकते हैं जो अभी नहीं है
- हर राज्य बोर्ड में दो महिलाएं और केंद्रीय परिषद में दो महिलाएं होंगी

*लोकसभा चुनाव 2024 के बाद भारत में बनी 18वीं लोकसभा में सांसदों की औसत उम्र बढ़कर 56 साल हो चुकी है। संसद के बजट सत्र के बाद भारत में नेताओं और जनता की औसत उम्र एक चर्चा का मुद्दा बन गई है। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने हाल में मांग उठाई कि चुनाव लड़ने की उम्र घटाकर 25 से 21 साल कर दी जानी चाहिए।*

## आजादी के बाद से सांसदों की औसत उम्र में हुआ है लगातार इजाफा

# 18वीं लोकसभा में सांसदों की औसत उम्र बढ़कर हुई 56 साल

### चुनाव लड़ने की उम्र 25 से घटाकर 21 करने की हो रही है मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राघव चड्ढा ने राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारी आबादी के 65% लोगों की उम्र 35 साल से नीचे है और 50% लोगों की उम्र 25 साल से नीचे है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जब पहली लोकसभा के चुनाव हुए तो 26% सांसद ऐसे थे जिनकी उम्र 40 साल से नीचे थी लेकिन अब जब 18वीं लोकसभा का चुनाव हुआ है तो 40 साल से नीचे के सांसदों का आंकड़ा घटकर 12% हो गया है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब संसद में चुनाव लड़ने के लिए उम्र कम किए जाने का प्रस्ताव लाया गया है। पिछले साल अगस्त में कानून और न्याय से संबंधित संसद की एक स्थाई समिति ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्र सीमा को 25 साल से



घटाकर 18 साल करने की मांग की थी।

**पहली लोकसभा में औसत उम्र थी 46.5 साल :** 1952 में जब पहली लोकसभा का गठन हुआ था तो यह अब तक की दूसरी सबसे युवा लोकसभा थी और इसमें सांसदों की औसत उम्र 46.5 साल थी। पहली लोकसभा के नाम यह रिकॉर्ड है कि इसमें 82 सांसद 40 साल या इससे कम उम्र के थे और कोई भी सांसद 70 साल से ज्यादा की उम्र का नहीं था। लेकिन उसके बाद सांसदों की औसत उम्र लगातार बढ़ती गई है। 1998 में औसत उम्र घटकर 46.4 साल हो चुकी थी। 1999 के चुनाव के बाद और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सबसे ज्यादा औसत उम्र 55.5 साल थी। इस बार की लोकसभा में सांसदों की औसत उम्र का आंकड़ा इससे भी आगे पहुंच गया है। 18वीं लोकसभा में 35 साल से कम उम्र के सिर्फ 25 सांसद हैं और इनमें से केवल 7 सांसद 30 साल से नीचे हैं। इससे पहले 2019 में 35 साल से कम उम्र के सांसदों की संख्या 21 और 2019 में 22 थी।

### इस लोकसभा का सूरत-ए-हाल

पहली लोकसभा के बाद से ही 35 साल की उम्र या इससे कम उम्र के सांसदों की संख्या लगातार घटती जा रही है। इसके उलट अगर देखें तो मौजूदा लोकसभा में 380 सांसद ऐसे हैं जो 51 साल के या इससे ज्यादा की उम्र के हैं। इनमें से 53 सांसद तो 71 साल से ज्यादा की उम्र के हैं और 161 सांसदों की उम्र 61 से 70 साल के बीच है। 18वीं लोकसभा में डीएमके के सांसद टीआर बालू की उम्र 82 साल है और वह अकेले ऐसे सांसद हैं जिनकी उम्र 80 साल से ज्यादा है।

#### 25 साल के हैं तीन सांसद

तीन लोकसभा सांसद ऐसे हैं जिनकी उम्र 25 साल है और यही लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र है। इनमें समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश के मछली शहर सीट से चुनाव जीतीं प्रिया सरोज, उत्तर प्रदेश के कौशांबी से चुनाव जीते पुष्पेंद्र सरोज और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर बिहार के समस्तीपुर से चुनाव जीतीं शांभवी चौधरी का नाम शामिल है।

## खबर संक्षेप

### वायनाड भूस्खलन : चिरंजीवी देंगे एक करोड़ की सहायता



**हैदराबाद।** मेगास्टार चिरंजीवी और उनके अभिनेता पुत्र रामचरण ने केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन के पीड़ितों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये का योगदान देने की रविवार को घोषणा की। चिरंजीवी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में भूस्खलन के कारण हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "पिछले कुछ दिनों में प्रकृति के प्रकोप के कारण केरल में हुई तबाही और सैकड़ों लोगों की जान जाने से मैं बहुत व्यथित हूं।

### यूपी में मेडिकल सीट छोड़ने पर जुर्माने का नियम खत्म



**लखनऊ।** चिकित्सा संस्थानों में मेडिकल की सीट छोड़ने पर पांच लाख रुपये जुर्माना लगाए जाने का नियम योगी सरकार ने खत्म कर दिया है। पहले मेडिकल की सीट छोड़ने पर यह जुर्माना भरना पड़ता था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधान परिषद में यह जानकारी दी। सपा के मान सिंह यादव के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी भी चिकित्सा संस्थान में अगर डॉक्टरों का उत्पीड़न हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी।

### पटना : बेसमेंट में कोचिंग तो इमारत होगी सील

**पटना।** दिल्ली में एक कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से तीन लोगों की मौत के बाद सबक लेते हुए पटना प्रशासन ने भी सख्ती शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने रविवार को कहा कि पटना में किसी भी इमारत के बेसमेंट में कोचिंग सेंटर चलते पाया गया तो उसे तुरंत सील कर दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली राव कोचिंग इंस्टीट्यूट में यूपीएससी की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की मौत के बाद बिहार की राजधानी पटना में भी कोचिंग का निरीक्षण किया जा रहा है।

## जंग के मुहाने पर मिडिल ईस्ट!


# हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे कई रॉकेट, आयरन डोम ने दिखाया दम

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल एक साथ कई मोर्चों पर संघर्ष का सामना कर रहा है। एक ओर गाजा और राफा में हमास के खिलाफ उसकी सैन्य कार्रवाई चल रही है, वहीं दूसरी ओर उसे अब लेबनान सीमा पर हिजबुल्लाह से भी दो-दो हाथ करना पड़ रहा है। हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान से इजराइल के उत्तरी क्षेत्र में रॉकेट हमलों की बौछार की. हालांकि, इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम ने गैलिली पैनहैंडल (उत्तरी इजराइल और दक्षिणी लेबनान के बीच स्थित क्षेत्र) के ऊपर इनमें से ज्यादातर रॉकेट्स को हवा में ही इंटरसेप्ट करके खत्म कर दिया। हिजबुल्लाह की ओर से यह रॉकेट हमला लेबनान के दक्षिणी शहर दीर सिरियाने में इजराइली हवाई हमले में 17 वर्षीय लड़के की मौत और छह अन्य के घायल होने के बाद आया। इससे पहले टायर के पास दक्षिणी लेबनान स्थित शहर बजौरीह में शनिवार सुबह एक इजराइली ड्रोन हमले में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह के एक प्रमुख ऑपरेटिव अली अब्द अली की मौत हो गई।

**खास बातें**

- लेबनान से इजराइल के कई इलाकों में रॉकेट की बौछार
- 'गैलिली पैनहैंडल' के ऊपर ज्यादातर रॉकेट्स हवा में ही तबाह



### गाजा के स्कूल पर इजराइल की एयरस्ट्राइक, 20 की मौत

ईरान और लेबनान में युद्ध के मोर्चे खोल चुका इजरायल गाजा में जबरदस्त हमले जारी रखे हुए हैं। रविवार तड़के गाजा के दो बड़े शहरों में इजराइली सेना ने भीषण हवाई हमला किया है। पहला हमला मध्य गाजा के दीर अल बलाह शहर में हुआ। यहां आईडीएफ ने अल अक्सा अस्पताल के आसपास टेंट शिविर में जबरदस्त हवाई हमला किया। इसमें चार फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। वहीं, दूसरा हमला उत्तरी गाजा के शेख राजवान में हुआ। आईडीएफ ने हमामा स्कूल को निशाना बनाया। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं। आनन-फानन में सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। ये हमला इतना जबरदस्त था कि स्कूल और उसके परिसर का एक हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया है। हर तरफ चीख पुकार मच गई। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आए। एक नागरिक सुरक्षाकर्मी रामी दबाबिश ने कहा, "हमामा स्कूल पर बड़ा हमला किया गया है। वहां पहुंचने के बाद हमने अपना काम शुरू कर दिया। इस हमले में मारे गए लोगों के शवों को हटाया। इसके बाद स्कूल के एक कर्मचारी को इजराइली सेना की कॉल आई। इसमें बताया गया कि इस क्षेत्र को फिर से निशाना बनाया जाएगा। हम वहां से चले गए। इस क्षेत्र को फिर निशाना बनाया गया, जिससे मरने वालों की संख्या दोगुनी हो गई। 7 अक्टूबर के बाद से गाजा में इज़रायली हमले लगातार जारी हैं। अब तक 10 महीने में करीब 40 हजार फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। 23 लाख आबादी में ज़्यादातर लोग बेघर हैं।

### हानिया की हत्या के बाद जंग के आसार

ईरान ने अमेरिका पर इस्माइल हानिया की मौत में भूमिका निभाने का भी आरोप लगाया है। वहीं, अमेरिका ने कहा है कि उसे हमास नेता की हत्या के बारे में न तो जानकारी है और न ही वह इसमें शामिल था। बता दें कि हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की 31 जुलाई, 2024 को ईरान की राजधानी तेहरान में एक टारगेट अटैक में मौत हो गई थी। वह ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने तेहरान पहुंचा था और कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जिस घर में पर ठहरा था, उसे बम से उड़ा दिया गया था। इसके बाद ईरान और इजराइल के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका ने कहा कि वह अपने कर्मियों की सुरक्षा और इजराइल की रक्षा के लिए मध्य पूर्व में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है।

### महिला अधिकारी को ममता के मंत्री की धमकी

# 'सिर झुकाकर बोलो वरना डंडे मारूंगा'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां राज्य सरकार के एक मंत्री सरेआम महिला अधिकारी को हड़काते नजर आए हैं, जो कि अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी, लेकिन मंत्री ने महिला अधिकारी के साथ बात करते हुए सारी मर्यादाएं तोड़ दीं। इतना ही नहीं, मंत्री ने अधिकारी को जान से मारने तक की धमकी दे दी। बीजेपी ने इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए सीधे मुख्यमत्री ममता बनर्जी से सवाल पूछे हैं। दरअसल, यह मामला पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अखिल गिरी से जुड़ा हुआ है जो कि एक वायरल वीडियो में वन विभाग की अधिकारी को हड़काते नजर आ रहे हैं, जो कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण को हटवा रही थीं और अपने काम में लगी हुईं थीं



लेकिन वहां मंत्री अखिल गिरि पहुंचे और उन्होंने महिला अफसर के साथ आपत्तिजनक लहजे में बात की।

**एक हफ्ते में अंजाम दिखाने की दी धमकी :** मंत्री ने महिला अधिकारी पर भड़कते हुए कहा, तुम एक सरकारी कर्मचारी हो, इसलिए बात करते वक्त अपना सिर झुकाकर रहोगे अधिकारी को धमकी देते हुए मंत्री ने कहा, एक हफ्ते के अंदर तुम देखोगी कि क्या होने वाला है। बता दें कि ये सारी धमकी मंत्री ने महिला अधिकारी को बांग्ला भाषा में दी थी।

### 'दोबारा दखल देने की कोशिश मत करना'

वायरल वीडियो सुना जा सकता है कि मंत्री ने फॉरेस्ट अफसर से कहा कि वो सरकारी कर्मचारी हैं, लिहाजा बोलते वक्त सिर झुका कर बात करें। यही नहीं महिला अधिकारी को धमकाते हुए कहा कि अगर तुमने इस मामले में दोबारा दखल देने की कोशिश की तो वो ये सुनिश्चित करेंगे वो सही सलामत न लौट सके। फॉरेस्ट अधिकारी को मंत्री ने छड़ी या डंडे से मारने तक की बात कहते हुए भी सुना जा सकता है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने पहुंची फॉरेस्ट अधिकारी पर दबाव बनाने के लिए इलाके के कब्जेदार लोगों ने मंत्री को बुलाया था और जब मंत्री अखिल गिरि पहुंचे तो आग बबूला हो गए।

# नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी, पीड़ित परिवार से मिलकर बोले भाजपा और बसपा नेता

### अयोध्या के भदरसा दुष्कर्म मामले में सियासत तेज

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या के भदरसा दुष्कर्म मामले में सियासत तेज है। योगी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल पीड़िता से मुलाकात की। जबकि, समाजवादी पार्टी ने लखनऊ कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद संगीता बलवंत आदि शामिल रहे। पीड़िता से मुलाकात के बाद सांसद संगीता बलवंत ने कहा, भाजपा सरकार में अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। अयोध्या मामले में सपा के नेता शामिल हैं, लेकिन उनका निष्कासन नहीं किया गया। इधर, सपा के सीनियर नेताओं ने इस दौरान मामले की निष्पक्ष जांच किए जाने व

### सपा ने भी उठाई आरोपी को फांसी देने की मांग



निर्दोषों पर कार्रवाई न करने की मांगें भी उठाई है। उन्होंने बीएचयू दुष्कर्म केस के आरोपियों की सीएम संग फोटो दिखाकर आरोपों का जवाब देने की कोशिश की। सपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए, लेकिन घटना की निष्पक्ष जांच हो। बिना जांच के निर्दोषों को न फंसाया जाए।

### शिवपाल ने कहा, मौर्य का हो नार्को टेस्ट

अयोध्या गैंगरेप मामले में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और सपा नेता शिवपाल यादव के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर कटाक्ष किया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, 'बलात्कारियों को बचाना समाजवादी पार्टी की जन्मजात फितरत है। अगर बलात्कारी मुसलमान हो तो तब पूरा का पूरा सैफई परिवार उसे बचाने के लिए घूंटा गाड़ देता है। सपा होगी साफ।

### मायावती बोलीं- अनुसूचित जातियों को एकजुट रहने की जरूरत

# 'आरक्षण को खत्म करने के जैसा है सुप्रीम कोर्ट का फैसला'

एजेंसी ▶▶| लखनऊ





बसपा सुप्रीमों मायावती ने लखनऊ में प्रेस वार्ता की। इस प्रेस वार्ता में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अनुसूचित जातियों को उपजातियों में विभाजित करने के फैसले पर सवाल उठाया। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट द्वारा किए गए एससी जाति में उपजाति विभाजन करने के फैसले से सहमत नहीं है। मायावती ने कहा कि आरक्षण पर नई सूची बनाने से कई तरह की परेशानियां सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य के मामले में 20 साल पहले के फैसले पर सुनवाई सही नहीं।

#### न हो किसी तरह का बदलाव

मायावती ने दो टूक लहजे में कहा कि भविष्य में आरक्षण में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिशें न हों। संविधान के नौवीं अनुसूची में इसे शामिल किया जाए। अनूसूचित जातियों को आगाह करते हुए मायावती ने कहा कि आपातकालीन की स्थिति को समझते हुए एससी-एसटी वर्ग को एकजुट होने की जरूरत है।

### भारतीय इंजीनियरों की 20 गुना ज्यादा भर्ती कर रहा बोइंग

**नई दिल्ली।** बोइंग की स्ट्रैटजी में उस वक्त ये बदलाव किया गया है, जब चीन और अमेरिका के बीच लगातार जियो-पॉलिटिकल तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसकी वजह से अमेरिकी कंपनियां, चीनी कर्मचारियों के ऊपर से अपनी निर्भरता कम करना चाह रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, कि बोइंग, भारत में चीन की तुलना में लगभग 20 गुना ज्यादा इंजीनियरों की भर्ती कर रहा है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर : शुरू हुई निरस्त टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग

# सात घंटे पहले बुक हो सकेंगे मंगला आरती के टिकट


एजेंसी ▶▶| वाराणसी

सावन के महीने में काशी विश्वनाथ की मंगला आरती के कैंसिल टिकट 7 घंटे पहले ऑनलाइन बुक किए जा सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने रोजाना टिकटों की शार्ट लिस्टिंग शुरू की है। इसमें से मंगला आरती में शामिल नहीं होने वाले श्रद्धालुओं के कैंसिल टिकट का डाटा एकत्र किया जा रहा है। कैंसिल होने वाले टिकटों को एक दिन पहले मंदिर की वेबसाइट पर बुकिंग के लिए ऑनलाइन किया जाएगा। मंगला आरती के टिकट के लिए मंदिर की वेबसाइट पर बुकिंग शाम को सात बजे से आठ बजे के बीच में खोली जाएगी। पूरे सावन भर इस व्यवस्था का लाभ श्रद्धालु ले सकेंगे। मंदिर की वेबसाइट से मंगला आरती के टिकट को 500 रुपये में बुक किया जा सकता है। इसके लिए रोजाना 70 टिकटों का स्लॉट निर्धारित किया गया है। 31 अगस्त तक मंगला आरती के टिकटों का स्लॉट पूरी तरह फुल है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि सावन के महीने में मंगला आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। आरती शुरू होने के सात घंटे पहले श्रद्धालु मंदिर की वेबसाइट या एप से मंगला आरती के लिए टिकट बुक करा सकेंगे।



### नया गेट लगाने पर हुआ था विवाद

अभी काशी विश्वनाथ धाम में नया गेट लगाने को लेकर विवाद हुआ था। विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर 4 पर अस्थायी गेट बना.ने के खिलाफ मुस्लिम समाज ने आपत्ति जताई थी। बता दें कि सावन माह की शिवरात्रि और जुमा की नमाज एक साथ पड़ने से भीड़ मैनेजमेंट व सुरक्षा के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा गेट नंबर 4 के पास लगाया जा रहा अस्थायी गेट विवादों में आ गया।



रायपुर
सोमवार, 5 अगस्त 2024
श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 19
पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**


**मौसम**
अधि. 30.2
न्यून. 24.3



# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


# भूतेश्वर महादेव ने धरा महाकाल का रूप, आज पालकी पर होंगे सवार

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में हर वर्ष श्रावण मास में साक्षात महाकाल विराजते हैं। यहां हर दिन भूतेश्वर महादेव में का श्रृंगार अलग-अलग रूपों में किया जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से दर्शनीय होता है। पहले दिन महाकाल के स्वरूप में महादेव का दर्शन करना उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुखदायक होता है, जो उज्जैन जाने में असमर्थ होते हैं। इस प्रकार की पूजा और आयोजन से भक्तों में भक्ति और उत्साह की वृद्धि होती है। भूतेश्वर महादेव देवालय की ▶▶|शेष पेज 4 पर

## भूतेश्वर महादेव मंदिर में विराजे महाकाल



### प्रतिदिन महादेव का होता है विशेष श्रृंगार

आचार्य पंडित रोमित रामराज त्रिपाठी प्रतिदिन शाम 4 बजे भूतेश्वर महादेव का श्रृंगार करने बैठते हैं। भगवान महादेव को अलग-अलग देवताओं के रूप में श्रृंगार से आकर्षक रूप दिया जाता है। खासबात यह है, जिस देवता का रूप महादेव पर दिया जाता है, हूबहू उसी देवता के रूप में नजर आते है। जैसे महाकाल, हनुमान, नीलकंठ, ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सावन सोमवार पर विशेष**

# मंदिर में नागों का बसेरा हुआ करता था, जो करते थे स्वच्छंद विचरण

उमेश सिंग बशिष्ट ▶▶| धमतरी

इतवारी बाजार स्थित किले का श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर 13 सौ साल पुराना है। यह बात गर्भगृह की खुदाई में खिले कमल फूल और दो हाथियों के प्रस्तर खंड से पता चलती है। मंदिर न्यास समिति के विपिन पवार, विजय गोलछा, सजल अग्रवाल, नीलेश लुनिया ने बताया कि यह मंदिर रतनपुर के महामाया मंदिर के समकक्ष है। प्राचीनकाल में इस मंदिर में नागों का बसेरा हुआ करता था, जो स्वच्छंद विचरण करते थे। किवदंती है कि यह मंदिर सैकड़ों साल पहले कांकेर के राजधराने का था। उस समय तहसील ऑफिस किला हुआ करता था। इसके चारों तरफ गहरी खाई थी। बीच में किले के अंदर यह मंदिर था। आसपास में प्राचीन मंदिरों के अवशेष इसके साक्ष्य हैं। शिवलिंग गर्भगृह में स्थित था। मंदिर की प्राचीन शैली की कलाकृति आज भी मौजूद हैं। बड़े बड़े पत्थरों में कलाकारों ने कलाकृतियां बनाई हैं। शिवलिंग पतालमुखी है। नंदी प्रारंभ से ही स्थापित है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

*भक्ति एवं आस्था का केंद्र श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर 1300 साल बाद 3 करोड़ की लागत से हो रहा जीर्णोद्धार, निर्माण पुराने स्वरूप में है*





### 3 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार

इस मंदिर का जीर्णोद्धार 3 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। प्राचीन नागर शैली में बने इस मंदिर को बनाने का जिम्मा जयपुर राजस्थान के मंदिर विशेषज्ञ सोनपुरा परिवार को मिला है। शिलाएं राजस्थान के बंशी पहाड़पुर से लाई गई हैं। ▶▶|शेष पेज 4 पर

*आदमी चाहे तो कुछ भी कर सकता है, जो करोगे वो भोगना तो पड़ेगा*



# 'शंकर' ने 16 साल काटी जेल फिर 8 महीने में साइकिल से किए 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

दामिनी बंजारे ▶▶| रायपुर

रायपुर के शंकर गोड़ की उम्र उस वक्त 25 साल थी। जवानी का जोश था। आदतें भी खराब। जोश में हत्या हो गई। सजा हुई। 15 साल 8 महीने 19 दिन की सजा काटी। जेल में रहते हुए अहसास हुआ कि करनी का फल भुगतना ही होता है। सो सब छोड़ आध्यात्म में लीन हो गए और खुद को ईश्वर के हवाले कर दिया। निकल पड़े साइकिल लेकर। 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा के बाद रविवार को 8 महीने और 5 दिन की साइकिल यात्रा के बाद रायपुर लौटें हैं जहां पूरे लक्ष्मण नगर के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मंदिर निर्माण के विवाद में हो गई थी हत्या

शंकर बताते है कि 11 अप्रैल 2006 को उन्होंने नशे में अपने ही दोस्त की हत्या कर दी थी। लक्ष्मण नगर में भैसासुर/महिषासुर मंदिर के निर्माण के दौरान पानी को लेकर कुछ विवाद हुआ था, जिसके कारण उन्होंने तैश में आकर इस वारदात को अंजाम दिया और हत्या के बाद वे सीधे थाने में सरेंडर होने पहुंचे। वे 12 अप्रैल 2006 को जेल गए और इसके बाद 3 नवंबर 2021 को जेल से सजा ▶▶|शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### लेह एवं अन्य स्थानों से जब्त किए एक करोड़



**नई दिल्ली।** लद्दाख एवं अन्य कुछ स्थानों पर 'फर्जी' क्रिप्टोकरेंसी निवेश कंपनी के संचालकों के विरूद्ध ईडी ने छापेमारी की और एक करोड़ रुपए नकद एवं 'अभियोजन योग्य' सामग्री जब्त की गई है। पहली बार है जब ईडी ने लद्दाख में तलाशी ली है।

### अल्लू अर्जुन ने वायनाड पीड़ितों के लिए दिए 25 लाख



**मुंबई।** तेलुगू फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन ने केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले के पुनर्वास प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 25 लाख रुपए दिए हैं। अर्जुन ने कहा कि वह उस राज्य के लिए योगदान देना चाहते थे जिसने उन्हें हमेशा बहुत प्यार दिया है।

### डॉक्टर दंपति ने की 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी




**ठाणे।** नवी मुंबई के एक डॉक्टर दंपति पर एक दवा विक्रेता से 1.27 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। शिकायत प्राप्त होने के बाद डॉ. धवल खनयालाल देराश्री और उनकी पत्नी डॉ. लता देराश्री के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### टीएमसी विधायक साहा को ईडी ने किया तलब



**कोलकाता।** ईडी ने विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। साहा को घोटाले में संलिप्तता के आरोप में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### लव जिहाद के मामलों में होगी अब उम्रकैद



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने लव जिहाद के मामलों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने रविवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द ही लव जिहाद में आजीवन कारावास की सजा के लिए नया कानून लाएगी। गुवाहाटी में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में बयान दिया।

## प्रदर्शनकारियों-सत्तारूढ़ अवामी लीग समर्थकों के बीच हिंसक झड़पें

# बांग्लादेश में फिर हिंसक झड़प, सड़कों पर प्रदर्शनकारी, 93 की मौत, देशभर में कर्फ्यू

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के 13 जिलों में हुई झड़पों में अब तक 93 लोग मारे जा चुके हैं। गृह मंत्रालय ने रविवार शाम छह बजे से देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया। सरकारी एजेंसियों ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक', 'मैसेंजर', 'व्हॉट्सऐप' और 'इंस्टाग्राम' को बंद करने का आदेश दिया है। अखबार ने बताया कि मोबाइल प्रदाताओं को 4जी इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया गया है। 'स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन प्लेटफॉर्म' ने सरकार के इस्तीफे की एक सूत्री मांग के साथ आज से पूर्ण असहयोग आंदोलन का आह्वान किया। इस बीच, प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि विरोध के नाम पर बांग्लादेश में तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र, नहीं बल्कि आतंकवादी हैं और उन्होंने जनता से ऐसे लोगों से सख्ती से निपटने को कहा। उन्होंने कहा, ''मैं देशवासियों से अपील करती हूं कि इन आतंकियों से सख्ती से निपटा जाए।

■ प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन

*बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र आंदोलन संगठन द्वारा घोषित 'असहयोग' आंदोलन के पहले दिन रविवार को प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ अवामी लीग समर्थकों के बीच हिंसक झड़पों में 93 लोग मारे गए तथा सैकड़ों अन्य घायल हो गए। सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी एक 'असहयोग कार्यक्रम' में भाग लेने पहुंचे थे। इधर, पूरे देश में अनिश्चितकालीन के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।*

### वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी

रविवार को बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी में अज्ञात लोगों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। लाठी-डंडे लिए लोगों को अस्पताल परिसर में निजी कार, एम्बुलेंस, मोटर-साइकिलों और बसों में तोड़फोड़ करते देखा गया, जिससे मरीजों, तीमारदारों, चिकित्सकों और अन्य कर्मियों में भय पैदा हो गया। प्रदर्शनकारियों ने हसीना के वार्ता के निमंत्रण को खारिज कर दिया और सरकार के इस्तीफे की मांग की।





### आज प्रदर्शन और सामूहिक धरना

प्रदर्शन के समन्वयकों ने स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों और मदरसों के छात्रों के साथ-साथ श्रमिकों, पेशेवरों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और अन्य आम लोगों से विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समन्वयक नाहिद इस्लाम ने घोषणा की कि वे अपनी एक सूत्री मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन और सामूहिक धरना देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा कि सोमवार को वे आरक्षण सुधार आंदोलन के दौरान हाल ही में देशभर में मारे गए लोगों की याद में शहीद स्मारक पट्टिकाओं का अनावरण करेंगे।

### 3 दिनों के लिए छुट्टी की घोषणा

सरकार ने हिंसा पर काबू करने के लिए देशभर में कर्फ्यू लगा दिया है। साथ ही अगले 3 दिनों के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इसके अलावा राजधानी ढाका में दुकानों और बैंकों को बंद करने के आदेश भी दिए गए हैं।

### इंटरनेट बंद, सोशल मीडिया बैन

पुलिस की तरफ से भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस और स्मोक ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया। हिंसा को काबू करने के लिए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया है। साथ ही फेसबुक, वॉट्सएप, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी रोक लगा दी है।

*पाट जात्रा पूजा के साथ दशहरा उत्सव की शुरुआत, 600 साल से ज्यादा समय से चली आ रही परंपरा*



# बकरा और मोंगरी मछली की बलि की परंपरा निभाई गई

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

हरियाली अमावस्या के मौके पर बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी मन्दिर के सामने रविवार को पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया। पर्व के पहले पूजा विधान पाट जात्रा में रथ निर्माण के लिए ठुरलू खोटला तथा अन्य औजारों का परम्परागत तरीके से पूजा-अर्चना कर रस्म पूरी की गई। यहां बकरा और मोंगरी मछली की बलि देने की परंपरा निभाई गई। यह पर्व 75 दिवस की अवधि तक मनाया जाएगा। बस्तर दशहरा समिति के पदेन अध्यक्ष सांसद महेश कश्यप ने कहा कि रियासतकाल से चली आ रही दशहरा पर्व में विभिन्न परगना के आदिवासी प्रतिनिधि जो मांझी, चालकी, कोटवार, पटेल होते हैं उनकी भागीदारी और जिम्मेदारी रहती है। रथ बनाने वाले झाड़उमरगांव के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सैकड़ों साल से रथ निर्माण करते आ रहे हैं, जो अपने परिवार को छोड़ जब तक रथ निर्माण पूरा नहीं हो जाता, यहीं पर सिरहासार में रहकर रथ निर्माण कार्य पूर्ण करते हैं।

### एक-एक कर परंपरा का निर्वहन

पाट जात्रा के बाद एक-एक कर अन्य रस्म परंपरानुसार संपन्न होगी। रथ निर्माण के लिए शहर के समीप जंगल से लकड़ी लाई जाती है। वहीं बड़ी संख्या में पौधरोपण भी क्षतिपूर्ति के रूप में किया जाता है।

## एक्सप्रेसवे पर हादसा

# कार से टकराकर खाई में गिरी बस, सात की मौत



एजेंसी ▶▶| इटावा

यूपी के इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस कार से टकराने के बाद खाई में गिर गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि तीन/चार अगस्त की दरमियानी रात को करीब पौने एक बजे नगालैंड के नंबर वाली एक डबल डेकर बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी, तभी वह रास्ते में इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 129 के पास सामने से आ रही कार से टकरा गई।

### इनकी हो गई मौत

इस हादसे में कार सवार मोनू (25), उसकी मां चंदा देवी (52) और प्रद्युम्न (24) तथा बस सवार ओमप्रकाश (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक अन्य मृतक बस यात्री की पहचान अमेठी जिले के निवासी यासिर अल्वी के रूप में हुई है। पुलिस दो अज्ञात शवों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है।

### बस में सवार थे 60 यात्री

वर्मा के अनुसार, हादसे में 25 अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में करीब 60 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचे लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। बस में सवार रंजना नाम की एक यात्री ने कहा कि चालक कई बार टोके जाने के बावजूद वाहन चलाते समय लगातार फोन का इस्तेमाल कर रहा था।

# थाने में बनाई रील, आरोपियों को करनी पड़ी उठक-बैठक

एजेंसी ▶▶| इंदौर

इंदौर में एक थाने के अंदर रील बनाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह वीडियो हीरानगर थाने के अंदर शूट किया गया था। इसके बाद इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया था। पुलिस ने दोनों से कान पकड़वाकर उठक बैठक कराई। आरोपियों की पहचान रवि प्रजापत और युवराज गुर्जर के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ बेसबॉल बैट लेकर बनाई थी रील



### रील वायरल, विरोध प्रदर्शन

बताया जा रहा है कि थाने के अंदर बने रील के वायरल होने के बाद शिकायतकर्ता के पक्ष के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। दोनों से कान पकड़वाकर उठक बैठक कराई गई है, उनके खिलाफ दोनों मामलों में अब कार्रवाई की तैयारी है।

*केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर चलाए तीर*

# शाह बोले- राजग 2029 में फिर बनाएगा सरकार

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के संख्या बल को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनायेगा। शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।



### इंडिया पर साधा निशाना

'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को निशाना बनाते हुए शाह ने कहा कि अनिश्चतिता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी। यह सरकार न केवल पांच साल बल्कि अगला कार्यकाल भी इसी सरकार का होगा।

### मोदी ही आएंगे

पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष को हंगामा करने दीजिए, बस आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेन्द्र मोदी जी (ही सत्ता में) आएंगे। उन्होंने कहा, विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं।

## केंद्रीय मंत्रियों और नए सांसदों को अभी करना होगा इंतजार

# सत्र के बाद मंत्रियों को मिलेंगे पीएस, सांसदों को आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नव निर्वाचित सांसदों को दिल्ली पहुंचने के बाद सरकारी आवास मिलने की समस्या ही खाली नहीं, सांसद से मंत्री बनने का अवसर जिन्हें मिला उन्हें मनमाफिक पीएस भी मिलना आसान नहीं लग रहा।

सूत्रों ने बताया कि कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ पीएस की तैनाती की फाइल पीएमओ में अटकी पड़ी है। विभिन्न कारणों से पीएस की नियुक्ति अब तक नहीं हुई है, वो विभिन्न कारण क्या है? पूछने पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मुस्कुरा देते हैं। उन्होंने बिहार काडर के एक मुस्लिम आईएसएस अधिकारी का नाम अपने पीएस के लिए आगे बढ़ाया है। बिहार के दूसरे युवा नेता हैं चिराग पासवान।

लोजपा अध्यक्ष हैं। चिराग के साथ लोजपा से पांच सांसद जीत कर लोकसभा पहुंचे। चिराग को केंद्रीय मंत्री बनाया गया। उनके साथ भी पीएस की नियुक्ति होनी हैं। पीएमओ से अनुशंसा आनी है। चिराग जब सांसद नहीं थे। इसक पहले की सरकार ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पूर्व सांसदों से खाली कराए जा रहे आवास



लोकसभा और राज्यसभा का संसदीय आवास समिति इन दिनों केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के संपदा निदेशालय के साथ मिल कर पूर्व हो चुके सांसदों से युद्धस्तर पर सरकारी आवासों को खाली करने में जुटा है। इसके बाद ही सभी नव निर्वाचित सांसदों को जल्द से जल्द अधिक्रित आवास मुहैया कराया जाएगा।

### पूरी प्रक्रिया के बाद मुहर

सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों जी बताया कि संसदीय सत्र के बाद सभी मंत्रियों के सचिवालय में पीएस सहित अन्य नियुक्तियों को भी हरी झंडी मिल जाएगी। सूत्रों ने माना कि मोदी सरकार में केवल मंत्री की पसंद के अधिकारियों के नाम पर मुहर नहीं लगती, बल्कि उक्त अधिकारियों के बाबत विस्तृत जानकारी उपलब्ध होने और पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही औपचारिक तौर पर मुहर लगाई जाती है।

चिंतन

# बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर हिंसा दुखद

बांग्लादेश में एक बार फिर से हिंसा का दौर शुरू हो गया है। आरक्षण को लेकर छात्र उग्र हैं, सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों व सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 14 पुलिस वाले भी शामिल हैं। यह दुखद है। देश भर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। प्रदर्शनकारी अब बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश में आम चुनाव के वक्त से ही स्थिति नाजुक है। प्रमुख विरोधी दल बेगम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने चुनाव का बहिष्कार किया था। बीएनपी निष्पक्ष चुनाव के लिए हसीना का इस्तीफा मांग रही थी। चुनाव नतीजे आने के बाद देशभर में हिंसा और प्रदर्शन शुरू हो गए थे। पीएम शेख हसीना पर लोकतंत्र को मनमानी तरीके से चलाने का आरोप विपक्ष लगाता रहा है। आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन लंबे समय से चल रहा है। शेख हसीना सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। पीएम शेख हसीना की ओर से माना जा रहा है कि इस विरोध प्रदर्शन के पीछे विपक्षी राजनीति व अराजक शक्तियां हैं। रविवार को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई जगहों पर हिंसक झड़प हुई है। अगले 3 दिनों के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। हिंसा को काबू करने के लिए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया है, फेसबुक, वॉट्सएेप, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी रोक लगा दी है। ये सब स्थितियां बांग्लादेश के हालात बता रहे हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पुलिस को प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। नेशनल कमेटी ऑन सिक्योरिटी अफेयर्स की बैठक में पीएम हसीना ने कहा कि जो देश में प्रदर्शन कर रहे हैं वे छात्र नहीं बल्कि आतंकी हैं। इस बैठक में हसीना के साथ बांग्लादेश की तीनों सेनाओं के चीफ, पुलिस चीफ और टॉप सिक्योरिटी अफसर शामिल हुए थे। सरकार के इस रुख से छात्रों में और भी गुस्सा बढ़ गया है। बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों और छात्रों के लिए भारतीय उच्चायोग ने एडवाइजरी जारी की है। उच्चायोग की तरफ से भारतीयों से सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। पिछले महीने बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण खत्म करने को लेकर हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में 150 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। बांग्लादेश की सरकार ने 2018 में अलग-अलग कैटेगरी को मिलने वाला 56 फीसदी आरक्षण खत्म कर दिया था, लेकिन इस साल 5 जून को वहां के हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को पलटते हुए दोबारा आरक्षण लागू कर दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 21 जुलाई को हाईकोर्ट के फैसले में बदलाव करते हुए आरक्षण की सीमा 56 फीसदी से घटाकर 7 प्रतिशत कर दी। इसमें से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को 5 फीसदी आरक्षण मिलेगा, जो पहले 30% था। बाकी 2 फीसदी में एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 93 फीसदी नौकरियां मेरिट के आधार पर मिलेंगी। प्रदर्शनकारी विवादास्पद कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के योद्धाओं के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। शेख हसीना सरकार को हिंसा रोकनी चाहिए। भारत को बांग्लादेश के आंतरिक हालात पर बाहर से नजर रखनी चाहिए। बांग्लादेश में हिंसा का भारत पर पलायन के रूप में असर पड़ता है, ट्रेड प्रभावित होता है।

# विनिर्माण क्षेत्र को मिलेगा बूस्ट



बजट विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

बजट के माध्यम से जिस तरह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करते हुए आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उनसे भारत के नए मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए बजट में खास ख्याल रखा गया है। इस बजट के माध्यम से औद्योगिक क्लस्टर पर फोकस किया गया है। वित्तमंत्री ने बजट में देश के 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण है कि औद्योगिक पार्क में एक आइटम से जुड़े उत्पादन की सभी सुविधाएं दी जा सकती हैं।

इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का बजट उद्योगों को समृद्ध करने का बजट है। इस बजट के माध्यम से जिस तरह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करते हुए आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उनसे भारत के नए मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है। इस बजट के माध्यम से औद्योगिक क्लस्टर पर फोकस किया गया है। वित्तमंत्री ने बजट में देश के 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। केंद्र, राज्य और निजी सेक्टर की आपसी सहभागिता से प्लग एंड प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। खास बात बात यह है कि उद्यमी को ऐसे औद्योगिक पार्क में जाकर सिर्फ उत्पादन शुरू करना होता है। मुख्य रूप से नए निर्यातकों तथा उद्यमियों को मैन्युफैक्चरिंग के प्रति आकर्षित करने के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल लाया जाता है। उल्लेखनीय है कि निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर चीन व अन्य देशों में वर्षों से प्लग एंड प्ले मॉडल पर मैन्युफैक्चरिंग हो रहा है और वहां कई जगहों पर उद्यमी को मशीन तक लगाने की जरूरत नहीं होती है। नए बजट के प्रावधानों के तहत 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले सुविधा वाले औद्योगिक क्लस्टर या पार्क विकसित होने से कम से कम 100 प्रकार के आइटम का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो सकता है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एक औद्योगिक पार्क में एक आइटम से जुड़े उत्पादन की तमाम सुविधाएं दी जा सकती हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर सशक्त बनाया है। ज्ञातव्य है कि देश के जीडीपी और निर्यात दोनों में ही 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाले एमएसएमई को सबसे अधिक कठिनाई कर्ज लेने में ही आती है। नए बजट में सरकार ने इस समस्या को दूर करने की कोशिश की है। नए बजट में मशीनरी की खरीदारी के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम लांच की गई है। इस स्कीम के तहत सेल्फ फाइनेंसिंग गारंटी फंड बनाया जाएगा जिसके तहत 100 करोड़ तक के लोन की गारंटी होगी। कर्ज लेने वाले एमएसएमई को सिर्फ अपफ्रंट गारंटी फीस देनी होगी। खास बात यह भी है कि डिजिटल ट्रांजेक्शन के आधार पर भी एमएसएमई को लोन दिए जाएंगे।

बजट के अनुसार बैंक एमएसएमई को डिजिटल लेनदेन के मूल्यांकन के आधार पर लोन देगा। इससे उद्यमियों को कारोबार बढ़ाने के लिए आसानी से लोन मिल सकेगा। यह पाया गया है कि कारोबारी परेशानी की वजह से एमएसएमई का कारोबार कई बार दिक्कत में आ जाता है और वे बैंक के कर्ज को नहीं चुका पाते हैं। एक से अधिक किस्त नहीं चुका पाने पर धीरे-धीरे वे एनपीए घोषित होने के कगार पर आ जाते हैं। एमएसएमई को इस परेशानी से बचाने के लिए अलग से फंड बनाने की



घोषणा की गई है। निश्चित रूप से नए बजट के प्रावधानों के तहत एमएसएमई के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ जाने पर उन्हें काफी फायदा हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए खाद्य आइटम से जुड़े एमएसएमई सेक्टर में उनकी गुणवत्ता जांच को लेकर 50 यूनिट खोलने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए बजट के तहत इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को विनिर्माण बेहतर करने और मेक इन इंडिया पहलों के तहत दो महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए पिछले वर्ष के 9509 करोड़ रुपये से बढ़ाकर कुल आवंटन 21,085 करोड़ रुपये किया गया है।

बहुप्रचारित उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के लिए अभूतपूर्व बजट प्रावधान है। खिलौने, जूते, चमड़े, उद्योगों के विकास के साथ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले के विकास का संशोधित कार्यक्रम भी प्रोत्साहित किया गया है। इसके तहत कंपनियों को देश में सिलिकॉन और कंपाउंड फैबरिकेशन (फैब), डिस्प्ले फैब, असेम्बली, टेस्टिंग, मार्किंग व पैकेजिंग (एटीएमपी), आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेम्बली और टेस्ट व डिजाइन करने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2024-25 के बजट से भारत से निर्यात बढ़ाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले वर्ष 2023 में जी-20 के सफल आयोजन के साथ दुनिया में यह बात उभरकर सामने आई है कि 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम व भरोसेमंद देश के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला वाले देश के रूप में नई भूमिका निभा सकता है। दुनिया का कोई दूसरा देश इस तरह के परिचालन के पैमाने और आकार की पेशकश नहीं कर सकता, जैसा भारत में उपलब्ध है। जी-20 में घोषित हुए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर (आईएमईसी) के माध्यम से रेल एवं जल मार्ग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसरों का ऐसा ढेर लगाया जा सकेगा, जिससे चीन की तुलना में भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता भी बढ़ जाएगी। ऐसे में जहां भारत एक ओर अधिक रणनीतिक प्रयासों से भारतीय बाजार में चीन के प्रभुत्व को कम कर सकता है, वहीं दूसरी ओर दुनिया के बाजार में उद्योग-कारोबार, निर्यात और निवेश के अधिक मौकों को मुठ्ठियों में ले सकता है। निःसंदेह नए बजट के निर्यात प्रोत्साहन के प्रावधानों के साथ-साथ भारत द्वारा निर्यात बढ़ाने की मजबूत स्थिति के कई और कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। वैश्विक आर्थिक-वित्तीय संगठनों की नई रिपोर्टों में दिखाई दे रहा है कि चीन की अर्थव्यवस्था में सुस्ती का दौर है और भारत की विकास दर चीन की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में भारत को एशिया के सबसे उभरते बाजारों की लिस्ट में पहले नंबर पर रखा है।

भारत में ढांचागत विकास की तेजी, बढ़ते विदेशी निवेश, शेयर बाजार, मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, मध्यम वर्ग की ऊंची क्रय शक्ति, कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती, बढ़ते हुए कामकाजी उम्र वाले लोग जैसे कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत बढ़ा रहे हैं। हम उम्मीद करें कि नए बजट के तहत वित्तमंत्री सीतारमण ने मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात बढ़ाने के लिए 100 शहरों में प्लग एंड प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क और एमएसएमई को आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई ऊंचाई देने के लिए मजबूती के जो विकास कवच दिए हैं, उनसे भारत लक्ष्य के अनुरूप निर्यात बढ़ाने में सफल होगा और नए मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में दिखाई दे सकेगा। ऐसे में यदि हम नए बजट में उद्योग-कारोबार को सौंपी गई नई निर्यात रणनीतियों के साथ लगातार आगे बढ़ेंगे, तो भारत 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को पाने में सफल होगा तथा निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था से 2047 में दुनिया के विकसित देश के रूप में भी चमकते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं। ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

अनुच्छेद -370

विवेक शुक्ला



# बदले हुए जम्मू-कश्मीर में अब विस चुनाव पर निगाहें

पांच साल पहले 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 के अधिकांश प्रावधान को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म करने के साथ ही सही मायनों में भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक हो गया था। इसके पहले जम्मू-कश्मीर में धारा 370 की वजह से भारत के संविधान के कई कानून और व्यवस्था वहां लागू नहीं होते थे। इस कारण जम्मू-कश्मीर देश के बाकी राज्यों की तरह विकास की दौड़ से बाहर होता जा रहा था। पाकिस्तान की वजह से वहां आतंकी गतिविधियां जारी रहती थीं। राज्य में गोलियां चलने और बम विस्फोट की आवाजें आम थीं। आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी लगातार हुआ करती थी। मासूम नागरिकों की हत्याओं को कोई गंभीरता से भी नहीं लेता था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जब संसद में 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐलान किया तब एक बार तो देश को यकीन ही नहीं हुआ। आखिर देश को इस तरह से समझाया गया था कि धारा 370 को हटाना असंभव है। इसके हटने से जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का दर्जा खत्म हो गया था। वहीं जम्मू-कश्मीर को दो हिस्सों में बांटने का ऐलान भी किया गया। सरकार के इस फैसले को भाजपा और उसके सहयोगियों के अलावा कुछ विपक्षी पार्टियों ने भी समर्थन दिया था। बेशक, धारा 370 को खत्म करने के बाद राज्य में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगी। पत्थरबाजी खत्म हो गई और घाटी में पर्यटक पहुंचने लगे। राज्य के जम्मू क्षेत्र में सरहद के उस पार से आतंकवाद को फिर से खाद-पानी देने की कोशिशें जारी हैं। उन्हें करारा जवाब भी दिया जा रहा है।

**राज्य में कब चुनाव :** इस बीच, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार राज्य की राजधानी श्रीनगर में आगामी 8 अगस्त को चुनाव आयोग के बाकी शिखर अफसरों के साथ पहुंच रहे हैं। वह दो-तीन दिनों तक श्रीनगर में रहेंगे और विभिन्न सियासी दलों और खासमखास नागरिकों से मिलकर राज्य में माहौल का जायजा लेंगे। चुनाव आयोग की टीम के श्रीनगर से वापस आने के बाद राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा होने की संभावना है। यह तय है कि राज्य में चुनाव आगामी सितंबर के महीने में होंगे। इसके बाद राज्य में हर पांच साल में अन्य राज्यों की तरह विधानसभा के चुनाव होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सितंबर 2024 के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा का गठन करने का वादा भी है। सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को निर्देश दे चुका है कि राज्य विधानसभा चुनाव 30 सितंबर तक सम्पन्न करवा लिए जाएं।

**क्या हटेगा :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 24 मार्च को इंटरव्यू में साफ तौर पर कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (एएफएसपीए) हटाने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही घाटी से सैनिकों की वापसी का भी प्लान है। साथ ही जम्मू-कश्मीर पुलिस को विशेष रूप से उस क्षेत्र का प्रभारी बना दिया जाएगा। फिलहाल स्थानीय पुलिस सहायक की भूमिका में केंद्रीय बलों के साथ सभी आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस को मजबूत बनाया जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की जड़ें उखाड़ देने के लिए काम कर रही है। सरकारी अधिकृत रिकार्ड के अनुसार जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के हटने से पहले पत्थरबाजी की घटनाओं में लोग घायल और मारे जा रहे थे। उसमें अब 80-85 फीसदी की कमी आई है। धारा 370 खत्म करने के बाद केन्द्र सरकार ने घाटी में राज्य की पुरानी सभ्यता और संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू किया। इसके तहत आस्था के केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों को नया रूप दिया गया। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के मेले और महोत्सव लगाए गये। ये मेले और महोत्सव आतंकवाद पनपने के कारण सालों से बंद थे। 2023 में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मां शारदा देवी मंदिर का नवनिर्माण कराकर आजादी के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया। सरकार ने 123 पुराने स्थलों का व्यवस्थित रूप से जीर्णोद्धार और मरम्मत कराकर जनता के लिए फिर से खोल दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि धारा 370 खत्म होने के बाद राज्य में पंचायती राज अधिनियम 1989 को लागू किया गया। क्या यह कोई सामान्य उपलब्धि मानी जाए? श्रीनगर के बाजारों में आम-खास जनों से बात करके लगता है कि धारा 370 को राज्य का अवाम अगर पूरी तरह से भूला नहीं है, तो कम से कम उसकी चर्चा करने का उसके पास वक्त नहीं है। अब वह आगे निकलना चाहता है। उसे चाहत है अमन व रोशन मुस्तकबिल की।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित

दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा है



संकलित

प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भ्रष्टाचार से भर्तियां हानिकारक

नीट परीक्षा में गड़बड़ियों के बीच फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए आईएएस अधिकारी बनी पूजा खेडकर के मामले में भ्रष्टाचार का एक और चेहरा सामने आना संबंधित विभागों की परीक्षा आयोजित करवाने वाली संस्थाओं को कटघरे में तो खड़ा करता ही है, साथ ही ईमानदार और मेहनतकश युवाओं को भी एक और झटका लगा है और इन्हें निराश किया है। ऐसे तो मेहनतकश युवाओं को धोखे ही मिलते रहेंगे। एक चीज और, ऐसे तो आरक्षण भी दागदार हुआ। अगर किसी भी वर्ग को आरक्षण न होता तो पूजा या अन्य वो लोग जिन्होंने फर्जी आरक्षण के प्रमाणपत्र बनाए, वो ऐसा नहीं कर पाते। इस फर्जीवाड़े से वे विभाग कटघरे में खड़े हुए हैं, जिन्होंने इनके फर्जी प्रमाणपत्र बनाए। देखना यह है कि कहीं दूसरे सरकारी विभागों की भर्ती प्रक्रिया में भी ऐसे ही घोटाले तो नहीं होते हैं? – *सतीश जायसवाल, बिलासपुर*

### X ट्रेंड

#### समस्याओं के हल को प्रतिबद्ध



उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसकी हर शिकायत की सुनवाई जरूर होगी। सभी पात्र व्यक्तियों को उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएंगे। **-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

#### सोरेन से बाढ़ पर चर्चा



मैंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। मैंने उनसे तेनुघाट से अचानक भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के मामले पर चर्चा की, जिससे पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पश्चिम बंगाल में यह मानव निर्मित बाढ़ हैं।

**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

#### एनटीए घोटाले के केंद्र में



एनटीए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) घोटाले के केंद्र में है। इसका उद्देश्य निजी वेंडर्स को आउटसोर्सिंग के जरिये काम पर रखकर कार्य करना है। एनटीए की कमान एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जो जब एमपी लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष थे तब वहां बड़े घोटाले सामने आए थे।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**


#### रेप पीड़ित का इलाज हो



बलात्कार पीड़िता के लिए सरकार अच्छे-से-अच्छा चिकित्सीय प्रबंध कराए। माननीय न्यायालय से विनम्र आग्रह है कि वह स्वत: संज्ञान लेकर पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाए। इस घटना पर राजनीति न हो। **-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम, यूपी**

### करंट अफेयर

## अदन की खाड़ी से गुजर रहे जहाज पर हूतियों का हमला



यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक मालवाहक जहाज पर शनिवार देर रात मिसाइल हमला कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इजराइल द्वारा हमास नेता इस्माइल हनिया को निशाना बनाए जाने के बाद समूह का संभवत: पहला हमला है। हनिया को हूती विद्रोहियों का मुख्य वित्त पोषक माना जाता था। हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले जहाजों पर अपने हमलों में दो हफ्ते के विराम का कोई कारण नहीं बताया है। पिछले साल नवंबर में गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद भी क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के हमले में इसी तरह का विराम देखने को मिला था। अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हमला तेहरान में इजराइल के संदिग्ध हवाई हमले में हमास नेता हनिया की मौत के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि हमला अदन से लगभग 225 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में अदन की खाड़ी के उस हिस्से में हुआ, जहां हूती विद्रोही पहले भी कई जहाजों को निशाना बना चुके हैं।

### ऑफ बीट

## वजन घटाने टिकटॉक पर अरंड के तेल का चलन बढ़ा



अरंडी का तेल, जिसे कभी इटली में फासीवादी लोग इसके त्वरित रेचक (लैक्सेटिव) प्रभाव के कारण सजा देने में इस्तेमाल करते थे, अब टिकटॉक पर वजन घटाने का चलन बन गया है। इसे पीया नहीं जाता, बल्कि अपने पेट पर लगाना होता है। लोग इसे अपनी नाभि में भी लगा रहे हैं और इससे गीला किये गए तौलिये को अपने पेट के चारों ओर लपेट रहे हैं। उनका दावा है कि यह पेट की चर्बी को कम कर सकता है और सूजन से राहत दिलाता है। अरंडी का तेल, अरंडी के पौधे की फलियों से बनाया जाता है। यह तेल एक प्राचीन औषधि है। इसका उल्लेख प्राचीन मिस्र के चिकित्सा ग्रंथ एबर्स पेपिरस (1550 ईसा पूर्व) में मिलता है। इसका उपयोग रेचक के रूप में और विभिन्न त्वचा रोगों के उपचार के लिए किया जाता था। कहा जाता है कि (मिस्र के टोलेमी वंश की अंतिम रानी) क्लियोपेट्रा ने इसे अपने बालों में और अपनी आंखों के सफेद भाग को चमकाने के लिए इस्तेमाल किया था। इस गंधहीन तेल में रिसिनोलेइक एसिड नामक वसायुक्त पदार्थ प्रचुर मात्रा में होता है, जो मल त्याग में सहायक होता है। वर्तमान में, यह कुछ देशों में अल्पकालिक कब्ज के लिए एक स्वीकृत उपाय है और इसका उपयोग चिकित्सा जांच से पहले आंत को साफ करने के लिए किया जाता है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

AMITY UNIVERSITY

# AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH

## AMITY RAIPUR
# RISE AMONGST THE BEST

RANKED
**#1 MULTI-DISCIPLINARY EMERGING UNIVERSITY IN CHHATTISGARH 2023**
BY THE WEEK
THE WEEK HANSA RESEARCH SURVEY 2023

LISTED IN
**151-300 INNOVATION CATEGORY**
BY NIRF 2023
nirf INDIA RANKINGS 2023 INNOVATION

RANKED
**#2 IN CHHATTISGARH 2021**
BY INDIA TODAY
THE BEST UNIVERSITIES OF INDIA August'21 issue

AMITY BUSINESS SCHOOL &
AMITY SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
RANKED
**#1 IN CHHATTISGARH 2022**
BY INDIA TODAY
*MDRA BEST COLLEGES RANKINGS (July'22 issue)*

★★★★
**4 STAR RATING 2023** BY IIC
INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL (Ministry of HRD Initiative)

AMITY SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
RANKED
**#1 IN CHHATTISGARH 2023**
*TOP T SCHOOL RANKINGS (March'23 issue)*
DATAQUEST

RANKED
**GLOBALLY 601-800 IN INDUSTRY, INNOVATION & INFRASTRUCTURE 2023**
BY TIMES HIGHER EDUCATION
THE IMPACT RANKINGS 2023

AMITY BUSINESS SCHOOL
RANKED
**#1 IN CHHATTISGARH 2022**
BY IIRF
IIRF Top 100 Pvt. B.Schools




### SUPERCHARGING CAREERS & PLACEMENTS
- Extensive SBW: Skill Building Workshops; ICT enabled PPM: Pre-placement Talk Sessions; Student Centric PMM: Profile Mapping Matrix
- CEO Dinner Series, Industry Mentorship & Conversation Programs
- Placements in top corporates like PwC, Deloitte, ITC, TCS, Airtel, Accenture...
- Overseas prestigious placements in top corporates like Human Resocia, Sekisho Corporation, Nitto Denko, TMEIC...
- Unique 3-tier mentorship by a corporate leader, alumni & faculty
- Student Committee on Placements (SCOP) to facilitate campus placements
- Market driven curricula designed in consultation with Industry Advisory Boards

### RESEARCH DRIVEN EXCELLENCE
- Students' innovation initiatives like IoT based LED bulb, Nano-bioengineered multifunctional face mask, Robot car, Smart Homes, Blue Biotechnology projects amongst others
- 50 Government funded research projects undertaken & submitted in partnership with SERB, MoE's Innovation Cell, DBT, ICMR, MSME...
- 6 Centres of Excellence for IPR, Robotic Process Automation (RPA), Ayurveda, Gender Studies, Tribal Development, Climate, Energy & Environment...
- 225+ Distinguished faculty, scientists and staff
- Faculty have filed 73 patents and published 1020 books/research papers
- Tie-ups for skills development with IBM, Oracle, Sun Microsystems...

### NEW-AGE WORLD CAMPUS
- 50+ Hi-tech labs & learning studios
- 11 Start-ups incubated by campus incubator, including 9 by students
- Modern library with 13,500 books and 3,000 printed & e-journals
- 16 states & UTs represented by students
- 1,220+ Seater on-campus hostel
- 3 Acre sports complex
- 300 Mbps wi-fi smart campus
- 425 Seater auditorium
- 7-Day compulsory military training camp

### 2024 ADMISSIONS OPEN IN 55+ PROGs.
- ARCHITECTURE
- BIOTECHNOLOGY
- COMMERCE
- COMPUTER Sc./ IT
- ECONOMICS
- ENGLISH LITERATURE
- ENGINEERING (Multiple specialisations offered)
- FASHION DESIGN
- HOSPITAL & HEALTHCARE MGMT.
- INTERIOR DESIGN
- LAW
- MANAGEMENT
- MEDIA & COMMUNICATION
- PHARMACY
- PSYCHOLOGY
- ROBOTICS & AUTOMATION
- URBAN PLANNING

*Ph.D programmes also available*

### AMITY MERIT SCHOLARSHIPS

| UG | | PG | | MBA | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Scholarship | 10+2 | 10+2 | Grad. | Scholarship | Percentile/ (CAT / MAT) | Score GMAT/ GRE |
| 100% | 93% | 93% | 80% | 100% | 90 | 650/161 |
| 50% | 88% | 88% | 75% | 50% | 85 | 600/157 |
| 25% | 70% | - | - | 25% | 75 | 450/149 |

**FOR ADMISSIONS, APPLY AT:**
**www.amity.edu/raipur**
BY: **9th Aug. 2024**
OR SCAN THE QR CODE

**HELPLINE : 7303-396-666**

FOR OPEN HOUSE SESSION AT CAMPUS, REGISTER AT: www.amity.edu/raipur/openhouse

AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH, MANTH (KHARORA), RAIPUR | **E:** admissions@rpr.amity.edu

## जैकेट के शेष

### श्रीजेश टोक्यो के ....

थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया।

### छत्तीसगढ़ में दो ....

धूप-छांव की स्थिति बने रहने की संभावना है। राज्य में अरसे के बाद जुलाई के महीने में मानसून ने अपनी अतिरिक्त सक्रियता दिखाई थी। इसकी वजह से कुछ जिलों में छोड़कर बाकी स्थानों पर पर्याप्त बारिश हुई और राज्य की स्थिति बेहतर हो गई। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो जुलाई की तरह अगस्त का महीना भी पानी-पानी रहने की संभावना है। खासकर दूसरे और तीसरे सप्ताह में राज्य में जमकर बारिश होने के आसार हैं। मानसून की अब तक की सक्रियता की वजह से धरती आवश्यकता के अनुसार पानी सोख चुकी है। अब होने वाली बारिश अतिरिक्त रहने के आसार हैं। अगले दो दिन तक प्रदेश में मानसून की गतिविधि में कमी आएगी। **अब मध्यप्रदेश में असर** : मौसम विशेषज्ञों की मानें तो राज्य के कई इलाकों को सराबोर करने के बाद पहली बार जमीनी इलाके में बना गहरा अवदाब का क्षेत्र मध्यप्रदेश में जाकर पुनः कम अबदाब के रूप में तब्दील होगा। इसके प्रभाव से एमपी के कई इलाकों में जमकर बारिश होने की संभावना बनी हुई है। अभी मानसून द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान, टोंक, डाल्टनगंज, बालासोर और उसके बाद पूर्व दक्षिण की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। **उत्तर में ज्यादा असर** : मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले चौबीस घंटे में मानसून की सक्रियता सरगुजा संभाग में नजर आई। वहां के जनकपुर और भरतपुर में 23 सेमी. तक बारिश हुई। वाड्रफनगर में 17, रामानुजगंज में 13 सेमी., भटगांव में 11 तथा कुछ अन्य इलाकों में दस से तीन सेमी. तक बारिश दर्ज की गई।

**दस साल में रायपुर में अगस्त की बारिश**

| वर्ष | कुल वर्षा (मिमी.) |
|---|---|
| 2014 | 189.2 |
| 2015 | 426.9 |
| 2016 | 229.3 |
| 2017 | 199.7 |
| 2018 | 448.3 |
| 2019 | 302.7 |
| 2020 | 448.6 |
| 2021 | 124.7 |
| 2022 | 426.9 |
| 2023 | 278.7 |

### झारखंड को जोड़ने ....

में सर्वाधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। बारिश के कारण कुसमी में बहने वाली गलफुल्ला व अन्य नदियां पूरे उफान पर रही। इस बीच कुसमी के ग्राम पंचायत करचा में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। कुसमी मार्ग पर नवाडीह से कनहर नदी किनारे होते हुए पीएमजीएसवाई की सड़क बनाई गई है। इसी मार्ग पर चांदो थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करचा में पुलिया बनाई गई थी। सड़क व पुलिया का निर्माण वर्ष 2015 में प्रारम्भ किया गया था और वर्ष 2020 में निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण शुक्रवार को पानी के तेज बहाव में पुलिया के नीचे की मिटटी बह गई जिसके बाद पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिया पर बेरिकेट लगाकर आवागमन बंद कर दिया गया है। यह पुलिया छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ती है और क्षेत्र के लोग इसी मार्ग से होकर झारखण्ड के लिए जाते है लेकिन पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद चांदो से झारखंड का आवागमन बाधित हो गया है।

### बह गई बरन नदी की ...

पड़ेगी जबकि विकासखंड मुख्यालय का सफर भी 15 किमी बढ़ गया है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि जिले में लगातार हुई मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए थे। विकासखंड मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली नदिया भी खतरे के निशान के ऊपर बह रही थी। ऐसे में लगातार हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। रविवार से आसमान साफ होने के साथ ही लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन बारिश के बाद अब इससे हुए नुकसान सामने आ रहे है। बारिश के कारण शनिवार को रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम चरचरी के बीच बरन नदी पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई।

**यूपी के लिए 20 किमी अधिक सफर** : पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद लोगों को अब पंडरी, केनवारी होते हुए उत्तर प्रदेश जाना पड़ेगा। इससे दूरी 20 से 25 किलोमीटर बढ़ जाएगी जबकि ग्राम चरचरी के लोगों को भी ब्लॉक मुख्यालय तक आने के लिए पंडरी केनवारी होकर आना पड़ेगा और ब्लॉक मुख्यालय तक आने के लिए उन्हें भी 15 किमी की अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी। पुलिया टूटने से निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों की मुसीबत बढ़ गई है और फिलहाल इस पुलिया के मरम्मत में भी लंबा समय लग सकता है।

### रानीदहरा जल प्रपात .....

रही है, लेकिन शाम करीब 4.00 बजे से लापता युवक का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार रविवार को बेमेतरा जिले के ग्राम सिंघौरी निवासी तुषार साहू पिता सुरेश साहू (20) अपने कुछ दोस्तों के साथ कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड स्थित पर्यटन स्थल रानीदहरा जल प्रपात में घूमने आए थे।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति में ....

हरेली त्योहार कृषि और हरियाली से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ में इस दिन लोग हल और कृषि औजारों की पूजा करते हैं। लोग इस दिन भगवान से खेत में अच्छी उपज की कामना करते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुमरी पहनी। सीएम और उनकी पत्नी दोनों छत्तीसगढ़िया पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। श्री साय ने धर्मपत्नी कौशल्या साय और परिवार के लोगों के साथ तुलसी माता, नांगर, कृषि औजारों और उपकरणों, गेड़ी की पूजा कर अच्छी फसल, किसानों और प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री निवास हरेली के मौके पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। छत्तीसगढ़ की अलग-अलग कला-संस्कृति की छटा, पारंपरिक वेशभूषा में गेड़ी के साथ आकर्षक नृत्य करते युवा नजर आए। हरेली पर गेड़ी की चढ़ाई के साथ ही भौंरा, गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल, कंचा (बांटी) खेल का आयोजन किया गया। हरेली पर्व में शिरकत करने वाले मेहमानों के लिए ठेठरी, खुरमी, अनरसा (अइरसा), खाजा, करी लड्डू, मुठिया और पिड़िया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी परोसे गए। हरेली तिहार में पारंपरिक लोकयंत्रों के साथ सुंदर नाचा का आयोजन किया गया।

### 'वक्फ' एक्ट में ...

इस कदम के बारे में कुछ नहीं बताया गया। लेकिन सूत्रों ने संकेत दिया कि वक्फ अधिनियम में संशोधन करने वाला एक विधेयक अगले सप्ताह संसद में पेश किया जा सकता है। सूत्रों ने यह भी कहा कि संपत्तियों के अनिवार्य वेरिफिकेशन के दो प्रावधान, जो वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर रोक लगाएंगे, अधिनियम में प्रस्तावित प्रमुख संशोधन हैं। फिलहाल इन संस्थाओं के पास किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित करने की शक्तियां हैं। देश भर में 8.7 लाख से अधिक संपत्तियां, कुल मिलाकर लगभग 9.4 लाख एकड़, वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं।

## शिवभक्तों का रेला...





हैदराबाद, तेलंगाना में चारमीनार के पास, श्रावण मास में कांवड़िये।

जयपुर, राजस्थान में रविवार को पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा नदी का जल लेकर जाते शिवभक्त कांवड़िये।

## पेज एक के शेष

### भूतेश्वर महादेव ने धरा...

खासियत देखने शहर व ग्रामीण अंचलों सहित पड़ोसी राज्य ओडिशा के लोग भी काफी संख्या में इस मंदिर तक पहुंचते हैं। इंद्रावती नदी का किनारा मंदिर को और आकर्षक स्वरूप देता है। फूलों से सजाकर महाकाल का स्वरूप दिए जाने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि महादेव स्वयं यहां विराजमान हैं। पहले दिन महाकाल के स्वरुप में महादेव का श्रृंगार करने में 3 घंटे से अधिक का समय लगा। कठिन परिश्रम के बाद जो स्वरूप नजर आया, वह बेहद आकर्षक लग रहा था।

**देवालय की विशेषता अन्य देवालयों से भिन्न** : आचार्य त्रिपाठी के मुताबिक शहर के प्रवीर वार्ड पनारापारा में रियासतकालीन लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर दूसरे देवालयों की तुलना में खास है, क्योंकि 3 तरफ से यह श्मशान से घिरा है।

### प्रतिदिन महादेव का...

हरिहर, अर्धनारीश्वर, गणपति आदि का श्रृंगार भक्तों के बीच काफी चर्चित है। श्रृंगार के लिए प्रतिदिन ढाई से तीन घण्टे लगते है। विशेष श्रृंगार के साथ हर दिन भोलेनाथ का रूद्राभिषेक भी किया जाता है।

### मंदिर में नागों का...

लोग मनौती लेकर आते हैं और संतुष्ट होकर जाते हैं। नगर के अति प्राचीन मंदिरों में एक श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर सदियों से धार्मिक आस्था का केंद्र है, जहां लोग मनौती लेकर आते हैं और संतुष्ट होकर जाते हैं। श्रावण मास में सैकड़ों कांवरिये यहां जल चढ़ाने आते हैं। प्रतिदिन हजारों भक्त सुबह शाम दर्शन को आते हैं। सावन में हर साल एक माह तक शिवपुराण कथा का आयोजन होता है। प्रतिदिन शाम को आरती से पहले फलों एवं फूलों से शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार किया जाता है।

### 3 करोड़ की लागत...

मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। मंदिर के नए स्वरूप में पुरानी झलक दिख रही है। मंदिर में 44 पिल्लर, 6 खिड़कियां और 3 दरवाजे हैं। मंदिर निर्माण के लिए 14 हजार घनमीटर स्टोन पत्थर का इस्तेमाल हुआ है।

### 'शंकर' ने 16 साल...

किया। 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लौटने के बाद उनकी मां संगीत ध्रुव (गोड़) की आंखों में खुशी के आंसू थे। मां कहती है-जब बेटे ने मर्डर किया, तब मैं गुस्सा थी। लेकिन अब उसे अध्यात्म की राह पर चलता देख गर्व होता है।

**जंगलों के रास्ते से होकर गुजरे, गूगल मैप की मदद ली** : शंकर गोड़ ने अपनी 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा के दौरान एक बुक मेंटेंन की है. जिसमें उन्होंने अपनी हर दिन की यात्रा और पूरे मैप का जिक्र किया है. वे कहते है रोजाना करीब 100 किलोमीटर की यात्रा करते थे। सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक और फिर 3-4 घंटे आराम करने के बाद और 3 घंटे वे पुनः साइकिल चलाते और फिर रात में जहां भी मंदिर मिलता वहां आराम कर लेते थे। **ये था उनका रूट मैप** : शंकर कहते है कि रायपुर से वे सबसे पहले उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद ओमकारेश्वर, घृष्णेश्वर, फिर भीमाशंकर इसके बाद नासिक के त्रयंबकेश्वर, सोमनाथ, नागेश्वर होते हुए काशी फिर बैद्यनाथ पहुंचे। इसके बाद वे वैष्णोदेवी के दर्शन करते हुए केदारनाथ, बद्रीनाथ और फिर वहां से सीधे तिरूपति पहुंचे. इसके बाद वे श्रीशैलम और फिर रामेश्वर के बाद विशाखापट्नम होते हुए रविवार को शाम करीब 7 बजे रायपुर पहुंचे। **याद रखिए करनी का फल भुगतना होगा** : शंकर का कहना है कि जीवन में हमेशा याद रखें कि करनी का फल भुगतना पड़ता है। आज नहीं तो कल। संभव है कि कुछ देरी हो जाए लेकिन भुगतना तो पड़ेगा। मेरा कहना है कि नशे से दूर रहिए। बुरी संगत से दूरी बनाकर रखिए। इनका प्रभाव जीवन पर नकारात्मक ही होता है। यह कभी भी आपको गलत रास्ते पर ले जाएंगी और उसका परिणाम भयावह ही होगा। मैंने भुगत लिया है, सबसे कहता हूं और सबको चेताता हूं कि आप उस रास्ते पर मत चलिए। शंकर बताते है कि जब वे रायपुर के सेंट्रल जेल में सजा काट रहे थे तभी 21 नवंबर 2016 को जेल के अंदर ही मर्डर हुआ. ये मर्डर बेदू साहू नाम के सजा याफता कैदी का हुआ था और मर्डर भी कैदी नरेंद्र उर्फ राजेंद्र साहू ने किया. इसके बाद रायपुर जेल से करीब 190 लोगों को अलग-अलग जेलों में शिफ्ट किया गया था, जिसमें उन्हें जगदलपुर जेल भेज दिया गया था. अब जेल से छुटने के बाद शंकर भक्तिभाव में लीन और उन्हें उनकी मां ने ये वचन दिलाया है कि वे अब जीवन में कभी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे।

### मंदिर निर्माण के विवाद...

काटकर रिहा हुए. वे बताते है कि जेल से जमानत पर भी कभी घर नहीं आए थे और उसे जेल में उनकी मां लगातार मिलने आया करती थी। रिहा होने के बाद उन्होंने जीवन को सार्थकता प्रदान करने के लिए यात्रा और दर्शन का का रास्ता चुना।

### थाने में बनाई...

ने बताया कि दोनों आरोपी रवि प्रजापत और युवराज गुर्जर को अनुसूचित जाति समुदाय के एक व्यक्ति पर अत्याचार के मामले में थाने बुलाया गया था। दोनों से बेसबॉल बैट जमा करने को कहा गया, जिसका इस्तेमाल उन्होंने शिकायतकर्ता की पिटाई करने के लिए किया था। दोनों शनिवार को थाने पहुंचे और जब पुलिस कर्मचारी व्यस्त थे, तो उन्होंने बैट पकड़े हुए एक वीडियो शूट किया और इसे अपने दोस्तों को भेज दिया।

### सत्र के बाद मंत्रियों...

में उनके चाचा पशुपति पारस मंत्री थे। चिराग के पिता रामविलास पासवान के स्वर्ग सिधार जाने के बाद दशकों तक जंतर मंतर स्थित जिस कोठी में पिता ने निवास किया था वो कोठी भी जाती रही थी।

## मुंबई में कांग्रेस के बड़े सियासी जलसे की तैयारी

# 20 को दिखेगा इंडिया गठबंधन का दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के जन्म दिन के बहाने मुंबई में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन द्वारा बड़े जलसे की तैयारी है। आगामी 20 अगस्त को कांग्रेस पार्टी के साथ, उद्धव ठाकरे वाली शिव सेना, शरद पावर वाली एनसीपी मुंबई के बरास्ते समूचे महाराष्ट्र को न केवल अपने गठबंधन का दमखम दिखाएंगे बल्कि पूरे जोश खरोश के साथ आगामी विधानसभा चुनाव संग साथ लड़ने के एलान भी करेंगे। मतलब साफ है, बहाना होगा मुंबई जन्मे राजीव गाँधी के जन्मदिन का, मगर उसका सियासी फलसफा होगा सूबे में होने जा रहा विधानसभा चुनाव। रविवार को महाराष्ट्र के प्रभारी महासचिव रमेश चेन्नीथला ने कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जल्द सार्वजनिक किया जायेगी।

शिवसेना और एनसीपी में टूट के बाद राज्य में पहली विधानसभा चुनाव होने जा रही है। एक तरफ भाजपा और उनके गठबंधन में शिव सेना तोड़कर अलग हुए सीएम एकनाथ शिंदे और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले की अगुवाई वाली आरपीआई सहित अन्य छोटे दल होंगे। एनसीपी से टूट कर अलग हुए शरद पवार के भतीजे अजीत पवार भले ही भाजपा - शिवसेना गठबंधन के साथ हैं मगर उप चुनावों और लोकसभा में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा का अजीत पवार से मोहभंग हुआ है। शायद, यही वजह है कि सूबे के उप मुख्यमंत्री भाजपा गठबंधन की सरकार में होने के बाद भी अजीत पवार ने अलग से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। मतलब सीधा है, भाजपानीत गठबंधन में कम से कम महाराष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं।

### राहुल, प्रियंका होंगे शामिल!

*इधर, विपक्षी खेमा, चाहे वो उद्धव के नेतृत्व में तेजी से नये चुनाव चिन्ह के साथ उभरी शिव सेना हो या फिर सियासत में अपनी उम्र को हावी न होने देने और बारबार खुद को साबित करने वाले मराठा क्षत्रप शरद पवार हों, तमाम टूट फूट के बावजूद दोनों नेताओं के नेतृत्व में शिव सेना और एनसीपी ने नये सिरे से चुनावी और सियासी जंग में बीस साबित हुई है। यही वजह है कि इस बार राजीव गाँधी के जन्मदिन पर चुनावी चौसर पर इंडिया गठबंधन पहली बाजी खेलने की पुरजोर तैयारी में जुट गया है। कार्यक्रम में राहुल गाँधी ही नहीं प्रियंका गाँधी वॉड्रा भी शामिल हों, उसकी रूपरेखा बनाई जा रही है। ताकि ज्यादा से ज्यादा कांग्रेसियों को घर से निकाल कर चुनाव में पूरे उत्साह के साथ लगाया जा सके।*

## पटना में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को कुचला, 2 झूला कारोबारियों की मौत

**पटना।** बिहार के पटना के पालीगंज में सड़क दुर्घटना में दो झूला लगाने वाले कारोबारियों की मौत हो गई। रविवार को बाइक पर सवार होकर दोनों औरंगाबाद जा रहे थे. इसी दौरान पालीगंज अनुमंडल के जलपुरा गांव स्थित एनएच-139 पर एक बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज जांच में जुट गई। मृतकों की पहचान पटना के बिहटा थानाक्षेत्र स्थित कंचनपुर गांव निवासी मो. इस्माइल मियां के बेटे अनवर अंसारी और योगेंद्र प्रसाद के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक अनवर अंसारी झूला चलाने का काम करता था। वह अपने सहयोगी नीतीश कुमार के साथ बाइक से औरंगाबाद के अमझर में झूला लगाने के लिए जगह देखने जा रहा था। जैसे ही दोनों पालीगंज थानाक्षेत्र के जलपुरा गांव के पास पहुंचे. विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। टक्कर की आवाज सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पालीगंज थाना को दी. मृतक के भाई ने बताया कि मेरा भाई झूला पर काम करता था और वह आज झूला लगाने वाले के साथ साइट देखने जा रहा था।

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## एमपी में फिर गरमाया दुकानों पर 'नेम प्लेट' लगाने का मुद्दा

एजेंसी ▶▶ भोपाल



■ साध्वी प्रज्ञा सिंह ने हिंदुओं को दी सलाह

मध्य प्रदेश में एक बार फिर दुकानों पर नेम प्लेट का मुद्दा गरमा गया है। इस बार भोपाल की पूर्व सांसद और बीजेपी की दिग्गज नेता साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बयान दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखकर हिंदुओं से अपील की है कि अपने प्रतिष्ठान के बाहर अपना नाम लिखें। उनके इस बयान के बाद मध्य प्रदेश में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने भी पलटवार किया है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने आदेश दिया था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगने वाली सभी दुकानों पर दुकानदार का नाम लिखा जाना चाहिए। इसके बाद मध्य प्रदेश में भी इस बात को लेकर कई सारे बयान दिए गए थे। जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। उसके बाद अब एक बार फिर नेमप्लेट को लेकर मध्य प्रदेश की बीजेपी नेता ने बड़ा बयान दे दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने X पर लिखा है कि मेरा हर हिन्दू से आव्हान है कि अपनी दुकान, अपने- अपने प्रतिष्ठान पर अपना नाम अवश्य लिखें।

## यूक्रेनी हमले में रूसी पनडुब्बी डूबी, कई इमारतें क्षतिग्रस्त

**कीव।** यूक्रेन ने लंबी दूरी के हमले तेज करते हुए पिछले 24 घंटे में रूस की एक पनडुब्बी को डुबो दिया और उसकी एक हवाई पट्टी को निशाना बनाते हुए कई इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने एक अपार्टमेंट इमारत पर भी हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

जुलाई के बाद से हमलों में बढ़ोतरी तब हुई है जब यूक्रेन अपने सहयोगियों पर रूसी ठिकानों पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देने का दबाव बना रहा है।

एनएमडीसी NMDC

**NMDC Ltd.**
(A Govt. Of India Enterprise) (ISO 9001 Company)
Bailadila Iron Ore Mines, Bacheli Complex
Bacheli, Distt. South Bastar (Dantewada), CG - 494553
Phone No. : 07857-230210, Mob.: 8085559082

**//e-Tender Notice //**


बी आई ओ एम / बीसी / संविदा / प्रकाशन / 2024-25 / 089/ दिनांक 05/08/2024

निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता **CPP Portal** अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जारी किए जाने वाले किसी भी शुद्धिपत्र / परिशिष्ट के लिए, बोली लगाने वाले को समय-समय पर ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर उसे नोटिस करना चाहिए। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **निविदा फॉर्म को केवल ऑनलाइन ऊपर दिये गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।**

| | MSTC Ref. No. NMDC/Bacheli/24-25/ET/ | NMDC Tender. No. BIOM/BC/CONTRACTS/OTE(89)/24- 25/ | Short Description of Work | EMD (Rs.) | Last Date of Sub'n |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 84/356 | C-369 | DISMANTLING OF OLD TYPE II/DS/217-296, 10 BLOCKS QUARTERS (IIND PHASE) AT BIOM BACHELI COMPLEX | 88,104/- | 19.08.2024 |
| 2 | 85/357 | C-298 | CONSTRUCTION OF BUTTRESS WALL OF 260 METERS BELOW SG STOCKPILE AT DEP-5 MINE, BIOM BACHELI COMPLEX | 51,600/- | 05.09.2024 |
| 3 | 86/358 | E-035 | REWIRING OF OLD TS-DS STORY TYPE II-III-IV, 40 NOS QTRS OF BACHELI TOWNSHIP. | 52,900/- | 05.09.2024 |
| 4 | 87/360 | E-037 | ELECTRIFICATION OF GODOWN AT CSD, BACHELI COMPLEX | 16,200/- | 06.09.2024 |

विभागाध्यक्ष (अनु. एवं से.) अनु.
बीआईओएम, बचेली कॉम्पलेक्स

## शब्द पहेली - 5593



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5592 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5604

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5603 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# एफएंडओ के हतोत्साहित करने से बैंक जमा बढ़ाने में मदद मिलेगी

## एसबीआई के चेयरमैन खारा ने कहाः डेरिवेटिव में 90 फीसदी खुदरा निवेशकों को नुकसान हो रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव बाजार में दांव से हतोत्साहित करने वाले नियामकीय कदमों से बैंकिंग प्रणाली को बेहद जरूरी जमा जुटाने में मदद मिल सकती है।

खारा ने कहा कि अल्पकालिक और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर बदलाव जैसी बजट घोषणाओं से जमा वृद्धि के नजरिये से ज्यादा फायदा नहीं होगा। खारा ने सप्ताहांत मेंकहा, नियामक द्वारा खुदरा निवेशकों के लिए एफएंडओ (वायदा और विकल्प) जैसी चीजों को हतोत्साहित किया जा रहा है। जो लोग इस तरह के साधन का सहारा ले रहे हैं, वे बैंकिंग प्रणाली में वापस आ सकते हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि कि डेरिवेटिव कारोबार में 90 प्रतिशत निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में यह आशंका पैदा हो रही है कि परिवारों की बचत उत्पादक उद्देश्यों में लगने के बजाय 'सट्टेबाजी' में उड़ रही है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा निवेशकों को ऐसी गतिविधियों में 52,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। सेबी ऐसे दांव पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सात सूत्रीय योजना लेकर आया है।

### बैंक जमा वृद्धि 10% पहुंचाना चाह रहा

एसबीआई के पास कुल 20 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी है। खारा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एसबीआई ऋण में 15 प्रतिशत और जमा में आठ प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि बैंक का प्रयास जमा वृद्धि को 10 प्रतिशत पर पहुंचाने का होगा।



### फिलहाल पैसा अभी पूंजी बाजार में जा रहा

पिछले तीन वर्षों से जमा वृद्धि ऋण में बढ़ोतरी से साथ तालमेल बैठाने में असमर्थ है। खारा ने कहा कि यह पैसा वैकल्पिक साधनों मसलन पूंजी बाजार में जा रहा है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बैंक खाता परिवारों की बचत को जमा करने का प्रमुख साधन है और इसपर ब्याज मिलता है।

### बैंक कर्ज देने में धीमी गति से बढ़ रहा

चेयरमैन ने याद दिलाया कि 2011 में भी ऋण वृद्धि जमा वृद्धि से अधिक थी। वर्तमान में, जमा और ऋण वृद्धि के बीच के अंतर के बारे में चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, जिसके कारण बैंक कर्ज देने में धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं, जो समग्र आर्थिक वृद्धि के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### विदेश पर्यटन पर खर्च सालाना 11 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत से विदेश जाने वाले पर्यटन पर खर्च 2024 के 18.82 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2034 में 55.39 अरब डॉलर होने का अनुमान है। नांगिया एनएक्सटी और फिक्की की संयुक्त रिपोर्ट 'नेविगेटिंग होराइजन्स' में कहा गया कि 'पैकेज्ड टूर' अब भी भारत के विदेशी पर्यटन पर हावी हैं।

### ब्लैक बॉक्स तरजीही निर्गम से राशि जुटाएगी




**नई दिल्ली।** एस्सार समूह की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ब्लैक बॉक्स के निदेशक मंडल ने तरजीही निर्गम के जरिये 410 करोड़ रुपये तक का कोष जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि मौजूदा प्रवर्तकों से 200 करोड़ रुपये, विदेशी संस्थागत निवेशकों सहित प्रमुख निवेशकों से 200 करोड़ रुपये और कंपनी के प्रमुख प्रबंधन कर्मियों से 10 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे।

### पूंजीकरण में टीसीएस व इंफोसिस रही घाटे में




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 1,28,913.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस सबसे अधिक नुकसान में रहीं।

## कंपनियों को घाटे की प्रमुख वजह एलपीजी की कम दाम पर बिक्री

# रिकॉर्ड मुनाफे के बाद पेट्रोलियम कंपनियों के लाभ में 90% गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज करने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों.. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) के अप्रैल-जून तिमाही के मुनाफे में 90 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह रसोई गैस (एलपीजी) की लागत से कम दाम पर बिक्री है। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी का अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 81 प्रतिशत घटा है। यह चालू वित्त वित्त की पहली तिमाही में 2,643.18 करोड़ रुपये रहा है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 13,750.44 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

तिमाही आधार पर भी कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। इससे पिछली जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 11,570.82 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही के दौरान एचपीसीएल का मुनाफा 90 प्रतिशत घटकर 633.94 करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल-जून, 2023 में यह 6,765.50 करोड़ रुपये और पिछली मार्च तिमाही में 2,709.31 करोड़ रुपये था।

## अप्रैल-जून तिमाही में आईओसी को हुआ 81 फीसदी घाटा

### कंपनियों का शुद्ध बफर नकारात्मक रहा

हालांकि, 30 जून, 2024 को, तीनों कंपनियों के शुद्ध बफर नकारात्मक था। तीन पेट्रोलियम कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 81,000 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज कमाया था। यह तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी सालाना 39,356 करोड़ रुपये की कमाई से कहीं अधिक था।





### कम दाम से आईओसी को 5156 करोड़ का घाटा

इन कंपनियों द्वारा शेयर बाजारों को भेजी सूचना के अनुसार, आईओसी को अप्रैल-जून में एलपीजी की लागत से कम दाम पर बिक्री से 5,156.23 करोड़ रुपये, बीपीसीएल को 2,015.10 करोड़ रुपये और एचपीसीएल को 2,443.71 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### पिछले साल अत्यधिक मुनाफा कमाया था

बीपीसीएल का शुद्ध लाभ अप्रैल-जून में घटकर 2,841.55 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,644.30 करोड़ रुपये और जनवरी-मार्च तिमाही में 4,789.57 करोड़ रुपये था। तीनों ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने पिछले साल लागत में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बरकरार रखकर अत्यधिक मुनाफा कमाया था।

### लागत बढ़ने के बावजूद दाम नहीं बढ़े

इन कंपनियों का तर्क था कि इससे पिछले साल लागत बढ़ने के बावजूद उन्होंने दाम नहीं बढ़ाए थे और नुकसान उठाया था। हालांकि, कीमतों को 'फ्रीज' करने का लाभ आम चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल के दाम में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती से जाता रहा। इसके अलावा, तीनों पेट्रोलियम कंपनियों को एलपीजी की लागत से कम बिक्री पर सब्सिडी नहीं मिली है।

# पेट्रोल, डीजल कारों की जगह स्वच्छ प्रौद्योगिकी का इंतजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर.सी. भार्गव ने कहा है कि कंपनी एक ऐसी नीतिगत रूपरेखा का इंतजार कर रही है, जो सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे, जिससे पेट्रोल और डीजल कारों के स्थान पर ऐसी पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने वाले वाहन आ जाएं।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की सालाना रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि औद्योगिक वृद्धि के लिए नीतियों में स्थिरता और पूर्वानुमानित कार्य वातावरण की आवश्यकता होती है। भार्गव ने यह भी उम्मीद जताई कि तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बुनियादी ढांचे के निर्माण, राजकोषीय विवेक बनाए रखने, मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने, विनिर्माण को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने वाले सुधारों को लागू करने और निजी क्षेत्र पर भरोसा करने पर अपना जोर जारी रखेगी।



■ एमएसआई के चेयरमैन ने कहा, अभी नीतिगत रूपरेखा का इंतजार

भार्गव ने रिपोर्ट में कहा, 'कुछ लोगों का मानना है कि आपकी कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में धीमी रही है। हमने राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अधिक विविध दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया और अपने सभी अंडे एक ही टोकरी में नहीं रखना चाहते थे।' चेयरमैन ने कहा कि सरकार ने भी स्वीकार किया है कि भारत में विभिन्न प्रौद्योगिकियों के उपयोग की आवश्यकता है।

### उद्योग का उद्देश्य आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना

भार्गव ने इस बात पर जोर दिया कि कार उद्योग का एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्य कार्बन और ग्रीनहाउस उत्सर्जन तथा आयातित ईंधन पर निर्भरता को कम करना है। इसके अनुरूप, मारुति सुजुकी ने निर्णय लिया है कि भारत में आर्थिक और सामाजिक परिवेश तथा संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्तम रणनीति यह होगी कि ग्राहकों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों वाली तथा विभिन्न मूल्य स्तरों पर कारें उपलब्ध कराई जाएं।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में बेस्ट ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन



**रायपुर।** तेलीबांधा चौक के पास स्थित 'बेस्ट ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' का उद्घाटन रविवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, हॉस्पिटल के डायरेक्टर्स डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. सुनील देवांगन, डॉ. रोहित कनोई, डॉ. हर्षित गोयनका उपस्थित रहे। हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रवीण अग्रवाल के अनुसार यह अस्पताल रायपुर शहर में मध्य भारत का पहला और एकमात्र विशिष्ट हड्डियां एवं जोड़ रोग का ऑर्थोपेडिक अस्पताल है। यह अस्पताल आधुनिक संसाधनों से लैस है, जो प्रदेश एवं शहर के नागरिकों को अहमदाबाद, हैदराबाद, मुंबई या नागपुर जैसे महानगरों में जाने की आवश्यकता को समाप्त करता है। इस अस्पताल में 10 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ एक ही छत के नीचे कार्यरत हैं। यहां ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, एन्डोस्कोपी, स्पाइन केयर, रुमेटोलोजी, वृद्धावस्था में हड्डियों एवं जोड़ से संबंधित समस्याएं, गठिया, खेल से संबंधित चोट, आर्थोस्कोपी, औद्योगिक और सड़क दुर्घटनाओं से गंभीर चोटों, बच्चों में विकृतियों तथा हड्डी और जोड़ की समस्याओं का इलाज किया जाता है।

#### 15 बिस्तरों का अत्याधुनिक आईसीयू

अस्पताल में विशेष रूप से प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा ऑर्थोपेडिक मरीजों की देखभाल की जाती है। वीआईपी सूट, सुपर डीलक्स रूम और प्राइवेट वार्ड के साथ-साथ अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी रिहैबिलिटेशन और योग की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। सड़क और औद्योगिक दुर्घटनाओं के मामलों के लिए 24 घंटे विशेषज्ञों की एक टीम उपलब्ध रहती है और गंभीर मरीजों के लिए 15 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक आईसीयू भी प्रदान किया गया है।

### आरसीपी इंफ्राटेक का वीआईपी सिटी में वृक्षारोपण कार्यक्रम

रायपुर। शहर के प्रमुख और विकसित आवासीय परिसर वीआईपी सिटी में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेकी कर फाउंडेशन ने विशेष सहयोग प्रदान किया। वीआईपी सिटी के सीएमडी राकेश पाण्डेय ने बताया कि आज की दुनिया में सबसे अधिक आवश्यक चीज पृथ्वी को हरियाली प्रदान करना है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए आरसीपी इंफ्राटेक और नेकी कर फाउंडेशन ने मिलकर इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आरसीपी इंफ्राटेक की टीम के साथ-साथ वहां के निवासरत परिवारों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और वृक्षारोपण किया। ज्ञात हो कि वीआईपी सिटी हरियाली से परिपूर्ण एक टाउनशिप है। यहां विभिन्न प्रकार के डेवलप्ड प्लॉट, बंगले और कमर्शियल स्पेस उपलब्ध हैं। यहां सैकड़ों परिवार निवास करते हैं।



# एफपीआई ने जुलाई में शेयरों में 32,365 करोड़ रुपए डाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीतिगत सुधार जारी रहने की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि तथा कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों की वजह से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 32,365 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, इस महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों (1-2 अगस्त) को एफपीआई ने शेयरों से 1,027 करोड़ रुपये निकाले हैं। बजट में इक्विटी निवेश पर पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद से एफपीआई प्रवाह में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और बाजारों से जुड़े घटनाक्रम अगस्त में एफपीआई की गतिविधियों का रुख तय करेंगे।




■ अगस्त में एफपीआई ने बाजार से 1027 करोड़ रुपए निकाले

# ब्याज दर पर निर्णय से होगी शेयर बाजार की दिशा तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक बाजारों के रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। सेवा क्षेत्र के एचएसबीसी पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों की घोषणा सोमवार को होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''इस सप्ताह सभी की निगाह वैश्विक बाजारों पर रहेगी। लंबे समय की स्थिरता के बाद अब बाजार में कमजोरी का कुछ संकेत दिखने लगा है। इससे भारतीय बाजार की मजबूती की परख होगी, जो तरलता की बेहतर स्थिति की वजह से अभी तक जुझारू बना हुआ है।'' मीणा ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर आठ अगस्त को आने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही के नतीजों के आखिरी दौर से बाजार में कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। इसके अलावा संस्थागत प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, बीईएमएल, ओएनजीसी, एनएचपीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम और एमआरएफ जैसी बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130



# आर माधवन के लिए तत्काल विग लाए थे आमिर...

**मुंबई।** आमिर खान और आर माधवन का दिलचस्प किस्सा है। आमिर खान और आर माधवन की फिल्म एपिक फिल्म 'रंग दे बसंती' की. जिसमें माधवन ने फ्लाइट लेफ्टिनेंट अजय राठौड़ का किरदार निभाया था। जो देश की सेवा करते हुए शहीद हो जाते हैं। दरअसल आर माधवन ने कुछ देर के रोल में ही दर्शकों के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी थी। आपको बता दें कि इस फिल्म में जो विग आर माधवन ने लगाया था वह डेढ़ लाख रुपए का था और माधवन कैसे भी फिल्म में रोल करें इसके लिए आमिर खान तुरंत लेकर आए थे। माधवन ने इस फिल्म में पूरे टाइम विग लगाकर रखी थी क्योंकि जब उनको ये फिल्म ऑफर की गई तो वो किसी दूसरी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे।

## लाइफ Style

# शरवरी

## सच हो रहा सपना

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिये सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं।

अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं, क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं।

हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की प्रशंसा करती हूं।



## हॉलीवुड मसाला



# तीसरी बार बनने वाली हैं मां

**लॉस एंजिलस।** अमेरिकी रैपर और गीतकार कार्डी बी ने तीसरी बार मां बनने जा रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कर यह खुशखबरी प्रशंसकों को सुनाई है। इन तस्वीरों में कार्डी अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लंबा-चौड़ा नोट लिया है। कार्डी ने लिखा, 'हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। मैं इस खुशखबरी को आपके साथ साझा करने के लिए बहुत आभारी हूं।



# किंगडम ऑफ द... ऑनलाइन लीक


**मुंबई।** रिक जाफा, अमांडा सिल्वर के किरदारों और पियरे बौले की प्लैनेट ऑफ दि एप्स की कहानी पर आधारित वेस बॉल द्वारा निर्देशित साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म ने इस साल 10 मई को रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर सनसनी मचा दी थी। किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स प्लेनेट ऑफ द एप्स रीबूट फिल्म सीरीज की चौथी किस्त है। इस फिल्म की कहानी युद्ध के 300 साल बाद की है। यह फिल्म नोआ नाम की युवा चिम्पांजी और उसके साथी माई की कहानी दिखाती है। इस फिल्म को लेकर एक बुरी खबर आ रही है। खबर आ रही है कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने के बाद लीक हो गई है। फिल्म में फ्रेया एलन ने मे की भूमिका निभाई है।

# अक्षय, शाहरुख और दीपिका सहित ये सितारे भरते हैं सबसे ज्यादा टैक्स...

***मुंबई।** बॉलीवुड सितारों की फिल्मों से लेकर उनके गाने और उनकी लाइफस्टाइल तक लोगों के बीच चर्चा में रहती है। जहां बॉलीवुड के नामचीन कलाकार अपनी एक फिल्म और एक गाने के लिए करोड़ों रुपये फीस के तौर पर लेते हैं, वहीं इनकम टैक्स भी वे करोड़ों रुपये भरते हैं। इस फेहरिस्त में अक्षय कुमार, शाहरुख खान से लेकर आमिर खान, दीपिका पादुकोण तक का नाम शुमार है। आइए जानते हैं कि आपके चहेते सितारे आयकर विभाग को कितने करोड़ रुपये का भुगतान करते हैं-*



**अक्षय कुमार :** बॉलीवुड में सबसे ज्यादा टैक्स भरने वाले अभिनेताओं में अक्षय कुमार का नाम सबसे ऊपर आता है। वह पिछले कई सालों से सबसे ज्यादा टैक्स देते आ रहे हैं। आयकर विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने 2022 में 29.5 करोड़ रुपये टैक्स का भुगतान किया था। आयकर विभाग ने इसके लिए अक्षय को एक सम्मान पत्र भी भेजा था। वित्त वर्ष 2021-22 की बात करें तो उस समय पर सबसे ज्यादा टैक्स अक्षय ने चुकाया था।



**शाहरुख और सलमान खान :** देश के सबसे अमीर सितारों में से एक शाहरुख भी अपने बेहतरीन नागरिक होने की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2022 में उन्होंने करीब 22 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स चुकाया था। शाहरुख की कुल संपत्ति 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। उधर सलमान खान भी भारी-भरकम टैक्स भरने वाले अभिनेताओं में से एक हैं। उन्होंने कुछ ही समय पहले 44 करोड़ रुपये टैक्स चुकाया था। वह 3,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं।



**दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट :** अभिनेत्रियों में टैक्स जमा करने के मामले में दीपिका पादुकोण सबसे आगे हैं। वह 2016-2017 में 10 करोड़ रुपये तक का टैक्स जमा कर चुकी हैं। दीपिका 500 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। उनके बाद सबसे ज्यादा टैक्स देने वाली अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया 4 से 5 करोड़ रुपये तक का टैक्स भरती हैं। बताया जाता है कि आलिया की नेट वर्थ करीब 550 करोड़ रुपये है।



**अमिताभ बच्चन और ऋतिक रोशन :** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी हर साल करोड़ों रुपये टैक्स भरते हैं। छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक शहंशाह का बोलबाला है। 2018-19 में अमिताभ ने 70 करोड़ रुपये का भारी-भरकम टैक्स चुकाया था। ऋतिक रोशन भी टैक्स देने के मामले में पीछे नहीं हैं और एक समय तो उन्होंने 80 करोड़ रुपये एडवांस टैक्स के तौर पर दिए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह हर साल लगभग 25.5 करोड़ रुपये टैक्स के तौर पर अदा कर रहे हैं।

# हॉरर कॉमेडी 'स्त्री-2' 15 को होगी रिलीज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह फिल्म 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 6 साल बाद 'स्त्री' की दूसरी किस्त दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। 'स्त्री 2' 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना 'खेल खेल में' और 'वेदा' से होगा। 24 जुलाई को फिल्म का पहला गाना 'आज की रात' रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। अब निर्माताओं ने 'स्त्री 2' का दूसरा गाना 'आई नहीं' जारी कर दिया है, जिसे पवन सिंह ने आवाज दी है। 'आई नहीं' गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है। पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## टीवी मसाला



# आसिम ही नहीं, अंकिता व शिल्पा को भी दिखाया गया था बाहर का रास्ता

**मुंबई।** इस वक्त आसिम रियाज 'खतरों के खिलाड़ी 14' में हुए अपने विवाद को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने न सिर्फ को-कंटेस्टेंट्स बल्कि मेकर्स और शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ भी बदसलूकी की, जिसके कारण उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वह सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए लगातार रोहित शेट्टी और बाकी लोगों पर कटाक्ष कर रहे हैं। हालांकि फैंस लोग उनके इस एटीट्यूड को गलत बता रहे हैं और कह रहे हैं कि उनके साथ ऐसा ही होना चाहिए था। बता दें कि आसिम रियाज के साथ ही ऐसा नहीं हुआ है कि शो के नियम तोड़ने और मेकर्स को भला बुरा कहने पर बाहर किया गया है। इससे पहले भी कई सेलेब्स को चलते शो से बाहर कर दिया गया था। इनमें शिल्पा शिंदे, कुशाल टंडन का नाम भी शामिल है।

***अंकिता लोखंडे :*** अंकिता लोखंडे जो इस वक्त रिएलिटी कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स' में नजर आ रही हैं, एक समय में वह कॉमेडी सर्कस में काम कर रही थीं। मेकर्स को उनसे शिकायत थी कि वह अक्सर देरी से आया करती थीं। इसका असर उनके एक्ट पर भी पड़ रहा था। बार-बार कहने पर भी अंकिता समय पर नहीं पहुंचती थीं, जिसके कारण मेकर्स को उन्हें रिप्लेस करना पड़ा।

***उमर रियाज :*** आसिम रियाज के भाई उमर रियाज का मिजाज भी कुछ उन्हीं की तरह है। वह 'बिग बॉस 15' के कंटेस्टेंट रह चुके हैं और उनके गुस्से के कारण उन्हें बीच शो से निकाल दिया गया गया था। उन्होंने शो के अहम नियम का उल्लंघन किया था, जिसके कारण मेकर्स को ये फैसला लेना पड़ा था।

***शिल्पा शिंदे :*** 'भाबीजी घर पर हैं' की मुख्य किरदार रहीं शिल्पा शिंदे ने अचानक शो छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने मेकर्स पर कई आरोप लगाए। मगर शो के प्रोड्यूसर के मुताबिक वह आए दिन सेट पर किसी न किसी बात को लेकर शिकायत करती थीं, जिसके कारण उन्हें शो से हटा दिया गया था।

# 61 वर्ष की हुईं मंदाकिनी ऐसे मिली थी राम तेरी गंगा मैली फिल्म...

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री मंदाकिनी 61 वर्ष की हो गई हैं। मंदाकिनी का जन्म 30 जुलाई, 1963 को एंग्लो-इंडियन परिवार में मेरठ में हुआ था। उनके पिता जोसफ बिट्रिश नागरिक थे, जबकि मां मुस्लिम थीं।



मंदाकिनी के बचपन का नाम यास्मीन जोसेफ था। मंदाकिनी ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1985 में प्रदर्शित बंगाली फिल्म अंतारेर भालोबाशा से की थी। वर्ष 1985 में ही मंदाकिनी ने फिल्म मेरा साथी से बॉलीवुड में भी कदम रखा। हालांकि यह फिल्म टिकट खिडक़ी पर बुरी तरह से नकार दी गई। इसी वर्ष मंदाकिनी की फिल्म राम तेरी गंगा मैली प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में राज कपूर के छोटे बेटे राजीव कपूर लीड रोल में नजर आए थे। राजकपूर निर्मित-निर्देशित इस फिल्म की सफलता ने मंदाकिनी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए मंदाकिनी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। हालांकि फिल्म के लिए मंदाकिनी नहीं, बल्कि पद्मिनी कोल्हापुरे राज कपूर की पहली पसंद थीं लेकिन उन्होंने मना कर दिया था।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 7828656506.** (RO-1732)

### घरेलु/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य, एवं ऑफिस में कॉलिंग कार्य हेतु अलग- अलग लड़की /महिला चाहिए टाइम 9 से 7 खाना रहना फ्री पार्ट/फुल टाइम **पताः गोकुल टावर, गोगांव नियर, अशोकनगर गुढ़ियारी रायपुर 9039321951.**(RO-2912)

### घरेलू कार्य

**आवश्यकता है-** वी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में सभी घरेलू कार्य, ,एंव शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला एंव पुरूष (ड्रायवर या गार्ड) चाहिए। रहने की जगह दी जायेगी, ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी (बच्चे साथ में ना रहते हो) **संपर्क करें-: 9300593000.** (RO-1222)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्कः निर्मल सेल्स, मो. 7566578910.** (RO-7498)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** स्होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबरः- 7746000016, 7747000019.** (RO-2915)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है। संतोषी नगर रायपुर वेतन 15000/- से 25000/- **संपर्क करें 9343953264, 6232114982.**(RO-6048)

**अतिशीघ्र आवश्यकता-** ऑफिस एवं टैलीकालिंग कार्य हेतु युवक की, योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक, सैलरी- 10,000/- + कमीशन + बोनस + इन्सेंटिव + रहना फ्री + काम के आधार पर प्रमोशन ट्रेनिंग बाद 15,000/- - 20,000/- कमाने का मौक - **9039470547, 8815522974.**(RO-377)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वी, 12वी, स्नातक अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना, खाना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 शीघ्र **सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163.** (RO-35016)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1)अकाउंटेंट पद 05, वेतन-(10000-25000) (2) टेलिकॉलर पद 20 ,वेतन (7000-12000) (3) ऑफिस बॉय पद 02 वेतन - 8000 +TA (4) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद 10, वेतन 10000 +TA Contact : **7611107560, 9589049626, इ जेनेसिस, 4 /16 दक्षिण गंगोत्री, भिलाई.**(SP/883)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (RO-2894)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म **7347259119.**(RO-13135)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस-** लोन ! लोन! लोन धानी फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्कः- 8964853756** (RO-381)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



## जूलियन अल्फ्रेड बनी फर्राटा क्वीन

**10.72 सेकंड में पूरी की दौड़**

सेंट डेनिस । सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया। अल्फ्रेड ने 10 .72 सेकंड में दौड़ पूरी करके अपने देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10 .87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा जेफरसन 10 .92 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेज़र प्राइस के सेमीफाइनल से ठीक पहले हट जाने का भी फायदा मिला। ओलंपिक में 100 मीटर की दौड़ सबसे प्रतिष्ठित दौड़ मानी जाती है।

## लेडेकी ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल जीतकर रचा इतिहास



**नानटेरे।** केटी लेडेकी पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 800 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीत कर लगातार चार ओलंपिक खेलों में एक प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी तैराक बन गई है। लेडेकी का पेरिस ओलंपिक में यह दूसरा जबकि ओलंपिक खेलों में नौवां स्वर्ण पदक है। वह ओलंपिक में नौ या इससे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल छठी खिलाड़ी है। लेडेस्की ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में तैराक मार्क स्पिट्ज, ट्रैक स्टार कार्ल लुईस, सोवियत जिमनास्ट लारिसा लैटिनिना और फिनलैंड के धावक पावो नूरमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### *फेल्प्स के नाम 23 स्वर्ण का रिकॉर्ड*

*ओलंपिक में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के तैराक माइकल फेल्प्स (23 स्वर्ण पदक) के नाम दर्ज है। लेडेस्की ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में आठ मिनट 11.04 सेकंड का समय लेकर ऑस्ट्रेलिया की एरियान टिटमस को पीछे छोड़ा। अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी पेज मैडेन ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले फेल्प्स लगातार चार ओलंपिक खेलों में एक ही स्पर्धा जीतने वाले एकमात्र तैराक थे। उन्होंने एथेंस, बीजिंग, लंदन और रियो डी जनेरियो में 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीता था।*

**पेरिस की खबरें**

## हॉकी : मौजूदा चैंपियन बेल्जियम पदक दौड़ से बाहर, जीता स्पेन



**पेरिस।** मौजूदा चैंपियन बेल्जियम पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में स्पेन से 2-3 से हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गया। बेल्जियम की एकमात्र टीम है जिसने पूल बी में भारत को हराया था। इसके अलावा भारतीय टीम एक भी मैच अभी तक नहीं हारी है। स्पेन के लिए जोस मारिया बस्टेरा ने 40वें, मार्क रेनी ने 55वें और मार्क मिरालेस ने 57वें मिनट में गोल किए। वहीं बेल्जियम के लिए आर्थर डि स्लूवेर ने 41वें और अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने 58वें मिनट में गोल दागा। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

## एल्ड्रिन और पारुल बाहर



**पेरिस।** भारत का पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा जब राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी और जेसविन एल्ड्रिन क्रमशः महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ और पुरुषों की लंबी कूद में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। पारुल ने अपनी हीट रेस में आठवें और कुल मिलाकर 21वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान समाप्त किया। पारुल ने नौ मिनट 23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पुरुषों की लंबी कूद के क्वालिफिकेशन राउंड में एल्ड्रिन अपने पहले दो प्रयासों में फाउल कर गए जबकि तीसरे प्रयास में 7.61 मीटर तक ही पहुंच पाए। वह ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में 16 खिलाड़ियों में 13वें और कुल मिलाकर 26वें स्थान पर रहे। पहले 12 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 19 | 15 | 11 | 45 |
| 2 | अमेरिका | 18 | 26 | 25 | 69 |
| 3 | फ्रांस | 12 | 14 | 18 | 44 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 12 | 10 | 7 | 29 |
| 5 | ब्रिटेन | 10 | 12 | 15 | 37 |
| 57 | भारत | 0 | 0 | 3 | 03 |

### पेरिस ओलंपिकः भारत का कार्यक्रम

**निशानेबाजी** : स्कीट मिश्रित टीम (क्वालीफिकेशन): महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका - दोपहर 12.30 बजे



**टेबल टेनिस** : महिला टीम (प्री क्वार्टर फाइनल): भारत बनाम रोमानिया - दोपहर 1.30 बजे

**नौकायन** : महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस नौ - दोपहर 3.45 बजे, महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस 10 - शाम 4.53 बजे, पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस 9 - शाम 6.10 बजे, पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस 10 — शाम 7.15 बजे

**एथलेटिक्स** : महिला 400 मीटर (पहला दौर): किरण पहल (हीट पांच) - दोपहर 3.57 बजे

पुरुष 3,000 मीटर स्टीपलचेज (पहला दौर): अविनाश साबले (हीट दो) - रात 10.50 बजे



**बैडमिंटन** : पुरुष एकल (कांस्य पदक प्लेऑफ): लक्ष्य सेन बनाम ली जी जिया (मलेशिया) - शाम 6.00

# गोल्डन सपना चकनाचूर... सेन का 'लक्ष्य' कांस्य, लवलीना हारी, निशांत हुए अशांत

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे।

■ **बैडमिंटनः गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में हारे लक्ष्य**

ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है।

दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा। लक्ष्य सेमीफाइनल में अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रहे जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा।



### मुक्केबाजी में भारतीय अभियान समाप्त



टोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारने से भारत का मौजूदा पेरिस खेलों में मुक्केबाजी अभियान बिना पदक के समाप्त हो गया। इस वर्ग की मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना को कड़े मुकाबले में टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता 34 साल की ली कियान से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार 'क्लिंचिंग और होल्ड' करने के लिए चेतावनी दी गई। लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई।

### विवादित स्कोरिंग ने निशांत से छीना पदक



मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नहीं आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है। निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढ़त बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से 1-4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए। हर ओलंपिक में यह बहस होती है कि आखिर जज किस आधार पर फैसला सुनाते हैं। निशांत का मामला पहला नहीं है और ना ही आखिरी होगा। लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी का होना तय नहीं है और इस तरह की विवादित स्कोरिंग से मामला और खराब हो रहा है।

### खबर संक्षेप



#### श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा वनडे श्रृंखला से बाहर

**कोलंबो।** श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पहला वनडे टाई छूटने के बाद भारत और श्रीलंका दूसरे वनडे में रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने हुए। हसरंगा पहले वनडे में अपने अंतिम ओवर के दौरान असहज महसूस कर रहे थे। हसरंगा की जगह जेफरी वांडरसे को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके बाहर होने से श्रीलंका का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है क्योंकि मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हैं।

#### लिन यू-टिंग ने पक्का किया ओलंपिक पदक



**विलेपिंटे।** ताइवान की मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने रविवार को पेरिस खेलों में उनके नाम के नारे लगाने वाली भीड़ के सामने अपना पहला ओलंपिक पदक जीता। इससे एक दिन पहले अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ ने भी कई दिनों तक ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उनकी भागीदारी को लेकर कड़ी जांच के बाद पदक हासिल किया था। लिन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की स्वेतलाना कामेनोवा स्टेनेवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। सेमीफाइनल दौर में पहुंचकर उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि वह कम से कम कांस्य पदक जीतेंगी।

## वनडे : श्रीलंका ने भारत को 32 रन से हराया, वांडरसे ने चटकाए छह विकेट




एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका के लेग स्पिनर जेफ्रे वांडरसे (33 रन देकर छह विकेट) की फिरकी में फंसी भारतीय टीम कप्तान रोहित शर्मा (64 रन) के अर्धशतक के बावजूद रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 32 रन से हारकर तीन मैच की श्रृंखला में 0-1 से पिछड़ गई। दोनों टीमों के बीच पहला वनडे टाई रहा था। वाशिंगटन सुंदर की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंकाई टीम संघर्ष करती दिखी लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत नौ विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

स्पिनरों के मुफीद इस पिच पर भारत के लिए यह लक्ष्य पहाड़ सा बन गया और पूरी टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। वांडरसे ने 33 रन देकर छह विकेट और कप्तान चरिथ असालंका ने 20 रन देकर तीन विकेट झटके। रोहित (44 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) जब क्रीज पर थे तो नतीजा भारत के पक्ष में होता दिख रहा था। उन्होंने और शुभमन गिल (35 रन, 44 गेंद) पहले विकेट के लिए महज 13.3 ओवर में 97 रन की भागीदारी निभा ली थी।

रोहित ने इस दौरान स्पिनर दुनिथ वेलालागे और अकिला धनंजय तथा तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पर मैदान के चारों ओर शॉट लगाये। लेकिन वांडरसे की गेंद को रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में पाथुम निसांका को कैच देकर आउट हो गए जिससे भारतीय बल्लेबाजी इकाई मुश्किल में आ गई।



### शीर्ष वरीय सबालेंका को बौज़कोवा ने हराया

**वाशिंगटन।** चेक गणराज्य की मैरी बौज़कोवा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराकर मुबाडाला सिटी डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। बौज़कोवा ने बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला स्पेन की पाउला बडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड को 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुषों के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोर्डा का सामना इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोर्डा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-4, 6-4 से जबकि कोबोली ने दूसरे वरीय बेन शेल्टन को 4-6, 7-5, 6-3 से हराया।

## नोवाक जोकोविच ने जीता पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को पुरुष टेनिस एकल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को सीधे सेट में हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता।

सैंतीस साल के सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के अल्काराज के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में एक और उपलब्धि जोड़ दी। जोकोविच इसके अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्ग में सबसे अधिक हफ्तों तक नंबर एक रैंकिंग पर काबिज रहने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। मौजूदा खेलों में सेमीफाइनल में इटली के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ जीत से पहले जोकोविच ने अपने तीनों ओलंपिक सेमीफाइनल गंवाए थे। जोकोविच 2008 में बीजिंग में रफेल नडाल, 2012 में लंदन में एंडी मरे और तीन साल पहले टोक्यो में एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। इन सभी ने बाद में स्वर्ण पदक जीता।

### निशानेबाज फाइनल में जगह बनाने से चूके

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज विजयवीर सिद्धू और अनीष भानवाल क्वालीफिकेशन में प्रभावी प्रदर्शन के बावजूद अंतिम सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। विजयवीर और अनीष दो चरण के क्वालीफिकेशन के दूसरे रेपिड फायर चरण के अंतिम 10 शॉट तक फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थे लेकिन क्रमशः 92 और 93 अंक जुटाकर नौवें और 13वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले महेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों महिला स्कीट स्पर्धा में क्रमशः 14वें और 23वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को खेली गई जिसके बाद महेश्वरी का कुल स्कोर 118 रहा। उन्होंने पांच सीरीज में 23, 24, 24, 25 और 22 अंक जुटाए। रेजा का कुल स्कोर 113 रहा। उन्होंने पांच सीरीज में 21, 22, 23, 23 और 24 अंक जुटाए। स्पर्धा में 29 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया जिनमें से शीर्ष छह ने फाइनल में जगह बनाई।



**ओलंपिक : आज से शुरू हो रहे मुकाबले**

# विनेश सहित छह पहलवानों को देनी होगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है। ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है। विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है। ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला। वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही। विनेश की चुनौतियां यहीं पर समाप्त नहीं हुई। वह विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी। अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया। इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है। वह गैर वरीयता प्राप्त है जिसका मतलब है कि उनका सफर आसान नहीं होगा।

विनेश के इस वजन वर्ग में कई दिग्गज पहलवान शामिल हैं जिनमें चार बार की विश्व चैंपियन युई सुसाकी, चार बार की ओलंपिक पदक विजेता मारिया स्टैडनिक, टोक्यो खेलों की कांस्य विजेता सारा हिल्डेब्रांट और दो बार की विश्व पदक विजेता डोलगोरजाविन ओटगोंजरगल प्रमुख हैं।

### *अंशू और अमन दावेदार*

*अंशू मलिक (महिला 57 किग्रा) और अमन सहरावत (पुरुषों का 57 किग्रा) भी पदक के दावेदारों में शामिल हैं। अंशु की फिटनेस को लेकर हालांकि संदेह बना हुआ है क्योंकि अभ्यास के दौरान उनकी गर्दन में ऐंठन आ गई थी। अंतिम पंघाल की तैयारी भी अनुकूल नहीं रही हैं। भारत पहली बार महिलाओं के 76 किग्रा हैवीवेट वर्ग में चुनौती पेश करेगा जिसमें रीतिका दांव लगाएगी। ओलंपिक में चुनौती पेश कर रही भारत की एक अन्य पहलवान निशा दहिया के पास बहुत कम अनुभव है। वह महिलाओं के 68 किग्रा भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेगी।*

## हॉकी में ऐसी जीत बरसों बाद देखी, मेरे आंसू रूके ही नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



'मेरे आंसू ही नहीं रूक रहे थे, बरसों बाद इतनी अच्छी हॉकी देखी और अब मुझे यकीन हो गया है कि यह टीम 44 साल बाद हमें ओलंपिक का स्वर्ण दिला सकती है', यह कहना है महान हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै का।

भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराया तो टीवी के सामने नजरें गड़ाए बैठे धनराज जैसे दिग्गज भी खुशी से उछल पड़े। चार ओलंपिक और चार विश्व कप खेल चुके धनराज ने कहा, 'मेरी आंखों से आंसू अपने आप टपक गए। सिडनी ओलंपिक 2000 के बाद ऐसा मैच पहली बार देखा। श्रीजेश गोलपोस्ट के सामने दीवार की तरह खड़ा था और जितने उसने बचाव किए हैं, वह चमत्कार से कम नहीं। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे, मैच देखते समय। मैं इतना खुश हुआ कि पेनल्टी शूटआउट में भारत के चौथे गोल के बाद जोर से चिल्लाने लगा। लोग मुझे बोलने लगे कि अरे बिल्डिंग वाले बाहर निकल आएंगे लेकिन मैं इतना खुश था कि बता नहीं सकता।'

नई दिल्ली। समुद्री दुनिया में आज भी ऐसे जीव हैं जिनके बारे में हम नहीं जानते। ऐसे कई जीव हैं, जो अपने आप में इतने खतरनाक और डरावने होते हैं कि उन्हें देखकर ही इंसान डर जाते हैं। आज इस खबर में हम आपको समुद्र के पांच ऐसे खतरनाक जानवरों के बारे में बताएंगे जिनके बारे में आपने सुना और देखा नहीं होगा। वैसे तो सभी जानते हैं कि शार्क मछली बहुत खतरनाक होती हैं लेकिन इनके अलावा और भी 4 जानवर हैं, जो अपने आप में हैरान करने वाले होते हैं।

# समुद्री दुनिया के पांच खतरनाक जीव, जिन्हें देख डर जाते हैं इंसान

## बॉक्स जेलिफ़िश



बॉक्स जेलिफ़िश, जिसे समुद्री ततैया के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया के सबसे विषैले जीवों में से एक है। इसका वैज्ञानिक नाम चिरोनिक्स फ्लेकरी है। इसका विष अत्यंत घातक होता है। अगर समय पर इलाज नहीं किया गया तो इसके डंक से मौत भी हो सकती है। बॉक्स जेलिफ़िश मुख्यतः ऑस्ट्रेलिया और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के गर्म समुद्रों में पाई जाती है।

## नीली-धारीदार ऑक्टोपस



नीली-धारीदार ऑक्टोपस, जिसकी वैज्ञानिक नाम है हैपलोहिच्ना, अपने चमकीले नीले और काले धब्बों के लिए प्रसिद्ध है। यह ऑक्टोपस इंसान को काटने पर तेत्रोडोटॉक्सिन नामक विष छोड़ता है, जो न्यूरोटॉक्सिक होता है और मृत्यु का कारण बन सकता है। अभी तक इसका कोई एंटीवेनम नहीं है। यह मुख्यतः ऑस्ट्रेलिया, जापान, फिलीपींस और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले समुद्रों में पाई जाती है।

## पत्थर मछली




पत्थर मछली, जिसका वैज्ञानिक नाम सिंनानिया है, दुनिया की सबसे विषैली मछली मानी जाती है। यह दिखने में एक पत्थर की तरह होती है और इसी वजह से इसे पत्थर मछली कहा जाता है। इसके डंक का प्रभाव इतना तीव्र होता है कि समय पर इलाज न मिले तो वह कुछ ही घंटों में व्यक्ति की मौत हो जाती है। यह मुख्यतः इंडो-पैसिफिक और ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय जल में पाई जाती है।

## समुद्री सर्प



समुद्री सर्प, जिनका वैज्ञानिक नाम हाइड्रोफिडे है, अत्यधिक विषैली प्रजातियों में से एक हैं। ये मुख्यतः इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के समुद्रों में पाई जाती हैं। इनके विष में न्यूरोटॉक्सिन होता है। विष के प्रभाव में इंसान कुछ ही मिनटों में आ जाता है और समय पर इलाज न मिले तो उसकी मौत निश्चित है। ये मुख्यतः इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के तटीय जल, नदी और मंग्रोव वनों में पाई जाती हैं।

## शार्क



शार्क, विशेष रूप से ग्रेट व्हाइट शार्क, टाइगर शार्क और बुल शार्क अपने आक्रामक व्यवहार और इंसानों पर हमलों के लिए जानी जाती हैं। शार्क के काटने से गंभीर चोट, रक्तस्राव और मृत्यु हो सकती है। ग्रेट व्हाइट शार्क सबसे ज्यादा खतरनाक मानी जाती है। शार्क विभिन्न महासागरों और समुद्रों में पाई जाती हैं, लेकिन ग्रेट व्हाइट शार्क मुख्यतः दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, कैलिफ़ोर्निया और गुआडालूपे द्वीप के तटीय क्षेत्रों में मिलती है।

### बेसबॉल के महान खिलाड़ी रूथ की जर्सी


# नीलामी में तोड़ा रिकॉर्ड 111 करोड़ रुपये पहुंची

न्यूयार्क। बेब रूथ अमेरिका के मशहूर बेसबॉल खिलाड़ी थे। 16 अगस्त, 1948 में गले के कैंसर के कारण रूथ की न्यूयॉर्क में मौत हो गई थी, लेकिन दुनियाभर में उनके लाखों प्रशंसक हैं, जो उन्हें आज भी चाहते हैं।



इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि दिवंगत खिलाड़ी की एक जर्सी ने बिकने से पहले ही नीलामी में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं क्योंकि उसकी बोली 1.33 करोड़ डॉलर यानी 111 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच चुकी है। नीलामी घर के अधिकारियों का कहना है कि जर्सी के लिए लोग अभी भी उच्चतम बोली से अधिक कीमत लगा सकते हैं। **कहां आयोजित की गई है नीलामी :** जर्सी की नीलामी न्यूयॉर्क में स्थित हेरिटेज नीलामी घर द्वारा आयोजित की जा रही है और इसकी वर्तमान अधिकतम बोली कमीशन और कर शुल्क सहित 1.33 करोड़ डॉलर है। जर्सी की बिक्री 24 अगस्त को समाप्त होगी और विशेषज्ञों का अनुमान है कि बोली 3 करोड़ डॉलर (करीब 250 करोड़ रुपये) तक बढ़ सकती है।

### जॉर्डन की जर्सी की हुई थी रिकॉर्ड तोड़ नीलामी



रूथ की जर्सी से पहले खेल के कपड़ों की नीलामी के मामले में उच्चतम नीलामी का रिकॉर्ड सितंबर, 2022 में स्थापित किया गया था। उस समय 1998 के एनबीए फाइनल के पहले गेम में पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी माइकल जॉर्डन की पहनी हुई जर्सी 10.1 लाख डॉलर (अब के लगभग 8.5 करोड़ रुपये) में बिकी थी। साल 2022 से पहले किसी भी खेल की वस्तु ने कभी भी 10 लाख डॉलर की सीमा पार नहीं की थी।

इस बार नागपंचमी का पर्व 9 अगस्त, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन प्रमुख नाग मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। देश में अनेक प्राचीन नाग मंदिर हैं, इनमें से कुछ तो बहुत ही रहस्यमयी है। ऐसा ही एक नाग मंदिर मध्य प्रदेश के पचमड़ी में भी है। इस मंदिर को मध्य प्रदेश का अमरनाथ भी कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों पर बना ये मंदिर हजारों सालों से लोगों के लिए आश्चर्य का विषय है। इस मंदिर को नागलोक का द्वार भी कहते हैं।



# जानलेवा है इस मंदिर तक जाने का रास्ता, कहते हैं 'नागलोक का द्वार'

एजेंसी ▶▶| पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के पचमड़ी में सतपुड़ा के पहाड़ पर है नागद्वारी मंदिर। हर साल नागपंचमी से 10 दिन पहले इस मंदिर के दर्शन के लिए एक यात्रा निकाली जाती है। इस बार ये यात्रा 1 अगस्त से शुरू हो चुकी है। इन 10 दिनों में लाखों भक्त इस मंदिर के दर्शन के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं क्योंकि इन पहाड़ों पर चढ़ते समय की गई थोड़ी-सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। ये यात्रा लगभग 15 किमी की है, जिसमें कई खतरनाक मोड़, पगडंडी, सीधी चढ़ाई और जंगली जानवरों का सामना करना पड़ता है।



### मप्र का अमरनाथ, सात पहाड़ियां चढ़ना-उतरना पड़ता है

नागलोक का द्वार कहे जाने वाले नागद्वारी मंदिर की यात्रा की शुरूआत नागफनी नाम के स्थान से शुरू होती है। यात्रा के दौरान सात पहाड़ों पर चढ़ना-उतरना पड़ता है। इस यात्रा को पूरा करने में लगभग 2 दिन का समय लगता है। दुर्गम चढ़ाई के कारण इस नाग मंदिर को मध्य प्रदेश का अमरनाथ भी कहा जाता है। नागद्वारी मंदिर की यह धार्मिक यात्रा करीब 100 साल से ज्यादा समय से चली आ रही है। 1999 में महादेव मेला समिति के गठन के बाद यह यात्रा थोड़ा आसान बनी है।

### हिंसक पशुओं का खतरा, पुलिस रहती है तैनात

सावन में सिर्फ 10 दिन के लिए ही नागद्वारी मंदिर तक जाया जा सकता है। अन्य समय पर यहां जाना प्रतिबंधित है, इसके पीछे कारण है कि ये जगह सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आती है। इस स्थान पर शेर-चीते आदि हिंसक पशु घूमते रहते हैं। यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा यहां पुलिस की तैनाती की जाती है, उनकी निगरानी में ही ये यात्रा पूरी होती है।

### क्या है इस मंदिर से जुड़ी मान्यताएं

पहाड़ी के सबसे ऊपर एक 35 फीट लंबी गुफा है, इसे ही नागद्वारी मंदिर कहते हैं। यहां नागदेवता की कई मूर्तियां हैं। ये गुफा देखने में बहुत ही डरावनी लगती है। यहां से थोड़ी आगे स्वर्ग द्वार है, यहां भी नागदेव की प्रतिमाओं की पूजा की जाती है। मान्यता ये भी है कि इन पहाड़ियों पर सर्पाकार पगडंडियों से यात्रा करने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है।

### साल में सिर्फ नागपंचमी पर ही खुलता है यह मंदिर

देश भर में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से तीसरा महाकालेश्वर उज्जैन में स्थित है। महाकाल मंदिर के सबसे ऊपरी तल पर स्थित है नागचंद्रेश्वर मंदिर। खास बात ये है कि ये मंदिर साल में सिर्फ एक दिन के लिए नागपंचमी पर ही खोला जाता है। हर साल नागपंचमी पर सबसे पहले पुजारी मंदिर के दरवाजे खोलते हैं और पूजा करते हैं। इसके बाद आम जनता यहां दर्शन करती है। नागपंचमी की रात फिर से इसे बंद कर दिया जाता है। **अद्भुत है नागचंद्रेश्वर की ये प्रतिमा :** नागचंद्रेश्वर मंदिर में स्थापित शिवजी की प्रतिमा अति दुर्लभ है क्योंकि इस प्रतिमा में शेषनाग पर शिवजी और देवी पार्वती विराजमान है। प्रतिमा में इन दोनों के अलावा इनके वाहन नंदी और शेर भी दिखाई देते हैं। एक ही पत्थर पर बनाई गई ये प्रतिमा मराकालीन कला का अद्भुत उदाहरण है। ऐसा भी कहते हैं कि जिन लोगों को कालसर्प दोष है, वे यदि इस प्रतिमा के दर्शन कर लें उनकी परेशानी दूर हो जाती है।



# दुनिया का सबसे भारी शिवलिंग हर मनोकामना होती है पूरी



## पारा से बना हुआ शिवलिंग का वजन है 2351 किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सावन का पावन महीना शुरू हो चुका है। जहां देश में आपको अलग-अलग तरह के शिव मंदिर देखने को मिल जाएंगे। वहीं, हमारे देश में एक ऐसा अनोखा और इकलौता शिव मंदिर है जो न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व भर में मशहूर है। यह शिव मंदिर गुजरात के सूरत में स्थित है। सूरत के शिव भक्तों के बीच पाल अटल आश्रम में पारदेश्वर महादेव का शिवलिंग काफी पॉपुलर है। इस मंदिर की खासियत ये है कि यह शिवलिंग पूरी तरह से पारा से बना हुआ है। इस मंदिर में बने शिवलिंग का वजन 2,351 किलोग्राम है जो पूरी तरह से पारा से बना हुआ है। शिव भक्तों का ये कहना है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। **पारदेश्वर महादेव भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र :** यह शिवलिंग हमेशा से ही शिव भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा है। खासकर सावन के महीने में दूर-दूर से लोग इस शिवलिंग का दर्शन करने आते हैं। पारे से बने इस शिवलिंग की वजह से ही मंदिर का नाम पारदेश्वर महादेव मंदिर रखा गया है।



### दुनिया का सबसे भारी शिवलिंग

यह दुनिया का इकलौता ऐसा शिवलिंग है जिसका वजन 2351 किलो है। यही वजह है कि यह सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी मशहूर है। 1751 किलो के पारे के शिवलिंग में 600 किलो पारे के नीचे पीतल का हिस्सा है। सौराष्ट्र के समर्थ महंत गुरु महादेवगिरि बापू की प्रेरणा और बटुकगिरि स्वामी के प्रयासों से यहां पारे का शिवलिंग स्थापित किया गया है।

### क्या है पारदेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास

जानकारी के मुताबिक इस मंदिर की स्थापना साल 1977 में की गई थी। हालांकि उस वक्त शिवलिंग का वजन महज 51 किलो था। मोटा पार्देश्वर शिवलिंग की स्थापना साल 2004 में हुई थी। इस शिवलिंग में 12 पारद ज्योतिर्लिंग बेहद अहम हैं। शिवलिंग के बारे में बताते हुए पंडित अरविंदकुमार शास्त्री कहते हैं कि जब वो 10 साल के थे तब से इस मंदिर की सेवा में लगे हैं।




# लड़के मेकअप कर रिझाते हैं लड़कियां घंटों सजने के बाद करते हैं डांस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में कई देश हैं जहां रहने वाले समुदायों की अपनी अलग मान्यताएं होती हैं, जो सदियों से चली आ रही हैं। अफ्रीकन जनजातियों में एक ऐसी परंपरा है जिसमें मर्द महिलाओं को रिझाने के लिए मेकअप करते हैं। घंटों सजने के बाद डांस करते हैं। ऐसा वो मेले में आई महिलाओं को अपनी तरफ आकर्षित कर विवाह करने के लिए करते हैं।

### कंधे पर हाथ रखकर देती हैं संकेत

उनकी इस कला से अगर कोई लड़की प्रभावित होती है या उसे आदमी पसंद आ जाता है, तो वो धीरे से उसके कंधे पर हाथ रख देती है। ये इस बात का संकेत होता है कि वो उसके साथ प्रेम संबंध या फिर वैवाहिक रिश्ते रखने के लिए राजी हो गई है।

### पत्नियां ढूंढने का अलग ही तरीका

कैमरून और नाइजीरिया में रहने वाले नाइगर जनजाति में पत्नियां ढूंढने का अलग ही तरीका है। इस फेस्टिवल में पुरुष चेहरे पर हैवी मेकअप लगाकर तैयार होते हैं और लड़कियों को रिझाने के लिए डांस करते हैं। अगर आप इस परंपरा पर ध्यान देंगे तो आपको ये समझ आएगा कि ये एक पत्नियों को चुराने वाला त्योहार है। जिसे गुएरेवोल फेस्टिवल कहा जाता है।

### खास डांस भी सीखते हैं युवा

इसके लिए पुरुष एक खास तरह का डांस भी सीखते हैं जिससे महिलाएं उनकी ओर आर्कषित हो जाए। कई बार लड़कियां उन्हें जिंदगी भर के लिए तो कई बार सिर्फ एक रात के लिए चुनती हैं। दिलचस्प ये है कि शादीशुदा महिलाएं भी इस फेस्टिवल में हिस्सा ले सकती हैं। ये त्योहार साल में एक बार आता है और इसकी तैयारी में पूरे साल होती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com